केवल मेडिकल व्यवसायियों के लिए

# PHARMA NEWS

Editor- Brejesh Kumar Garg | www.medicaldarpan.com | Monthly News Paper

B.N. Medical Complex, Bulandshahr (U.P.) Postal Reg. No. BSR 37/2024-2026 RNI UPBIL/2007/27885

Year 17 | Issue 11 | DOP 10 JULY 2024 | Pages 16 | ₹ 10/- Copy | ✆ 09410434811, medicaldarpan.ctp@gmail.com


## सीमा पर नशीली दवा की खेप के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**नौतनवा:** सीमा पर नशीली दवा की खेप के साथ चार तस्करों को अरेस्ट किया गया है। नौतनवा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर आराजी सरकार उर्फ बैरियहवा के पास से 2654 एंपुल नशीली दवाओं के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। चारों को कोर्ट में पेश किया और जेल भेज दिया गया है। क्षेत्राधिकारी जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि एसएसबी और पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 526/23 के पास कुछ धंधेबाज नशीली दवाओं की खेप लेकर नेपाल जाने की फिराक में हैं। पुलिस और एसएसबी टीम मौके पर पहुंची।

टीम को दो बाइक पर चार लोग दिखाई दिए। चारों तस्कर पुलिस टीम को देखते ही भागने की कोशिश करने लगे। जवानों ने दौडकर उन्हें काबू कर लिया। तलाशी में उनके पास से नशीली इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम कुतुबद्दीन निवासी सिंहपुर कला थाना नौतनवा, नसरूद्दीन उर्फ मुन्ना निवासी अराजी महुअवा थाना नौतनवा, आमिर खान निवासी सुकरौली थाना सोनौली बताया। आरोपियों से पता चला कि नशे के इंजेक्शन गोरखपुर का एक व्यक्ति बस के जरिए भेजता है। इन नशीली दवाओं को लेकर वे नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में जाकर अधिक लाभ पर बेच देते हैं।

## स्टेरॉयड और इंजेक्शन बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार

**हैदराबाद:** स्टेरॉयड, इंजेक्शन और टैबलेट बेचने के आरोप में जिम मालिक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। साइबराबाद पुलिस ने आरोपियों से स्टेमिना बढ़ाने और मांसपेशियों के निर्माण में काम आने वाली 10 लाख रुपये की सामग्री जब्त की है। कोल्लूर पुलिस ने विशेष ऑपरेशन टीम (एसओटी), माधापुर जोन और एंटी ड्रग टीम के साथ मिलकर चंद्रायनगुट्टा से जिम में दबिश दी। पुलिस ने मौके से जिम मालिक अहमद बिन अब्दुल कादर 33 और मल्लापुर से कैब चालक उसके सहयोगी मोहम्मद इब्राहिम 27 को गिरफ्तार कर पुछताछ मे जूट गई है।

**300 की शीशी 1,400 रुपये में बेची :** बताया गया कि कादर चंद्रायनगुट्टा में अल-नहदी फिटनेस क्लब का मालिक है और एक साल से जिम चला रहा है। पता चला कि ग्राहकों की कमी के कारण जिम से होने वाली उसकी कमाई पर्याप्त नहीं थी। उसने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए प्रतिबंधित स्टैमिना-बूस्टर इंजेक्शन बेचने की योजना बनाई।

## प्रभु विनयगम ऑर्किड फार्मा के चिकित्सा सलाहकार नियुक्त

**नई दिल्ली:** ऑर्किड फार्मा ने ऑर्किड फार्मा के नवगठित डिवीजन - ऑर्किड एएमएस के लिए मेडिकल सलाहकार के रूप में डॉ प्रभु विनायगम के समर्थन को सूचीबद्ध किया है। डॉ विनायगम, सलाहकार की भूमिका में स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व और रोगाणुरोधी प्रबंधन में अनुभव का खजाना लेकर आएंगे। वह बेकटन डिकिंसन में प्रबंध निदेशक संयुक्त आयोग अंतर्राष्ट्रीय-एशिया प्रशांत और म्यांमार में मंडलार ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स में समूह के सीईओ रहें हैं। उन्हें ऑर्किड फार्मा के एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप प्रोग्राम का नेतृत्व करने के लिए विशिष्ट रूप से स्थान दिया है।

## राज्यों को जीका वायरस संबंधी परामर्श जारी किया

**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र में जीका वायरस के कुछ मामलों की सूचना मिलने के बाद, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महा. निदेशक (डीजीएचएस) डॉ. अतुल गोयल ने राज्यों को एक परामर्श जारी किया है, जिसमें देश में जीका वायरस की स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। चूंकि जीका प्रभावित गर्भवती महिला के भ्रूण में माइक्रोसेफली और न्यूरोलॉजिकल परिणामों से जुड़ा है, इसलिए राज्यों को सलाह दी गई है कि वे चिकित्सकों को करीबी निगरानी के लिए सतर्क करें। राज्यों से आग्रह किया गया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं या प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले मामलों को संभालने वाले लोगों को गर्भवती महिलाओं की जीका वायरस संक्रमण के लिए जांच करने, जीका के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाली गर्भवती माताओं के भ्रूण के विकास की निगरानी करने और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने का निर्देश दें। राज्यों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे स्वास्थ्य सुविधाओं/अस्पतालों को निगरानी करने और परिसर को एडीज मच्छर मुक्त रखने के लिए कार्य करने के लिए एक नोडल अधिकारी की पहचान करने की सलाह दें। राज्यों को आवासीय क्षेत्रों, कार्यस्थलों, स्कूलों, निर्माण स्थलों, संस्थानों और स्वास्थ्य सुविधाओं में कीट विज्ञान निगरानी को मजबूत करने और वेक्टर नियंत्रण गतिविधियों को तेज करने के महत्व पर जोर दिया गया है।


XENON Pharma Pvt. Ltd. (A WHO-GMP Certified Company)
Now Also Contact for 3rd Party Manufacturing & PCD DERMA COSMETICS Franchise Business
XENON | MASLIFE | XENON
For PCD Franchise & Distribution Marketing
★ Leaders in introducing 1st time in India products for franchise marketing
★ Achieving Customer Satisfaction is Fundamental to our Business, As we provide latest molecules with highest quality standards.
★ We also Provide Scientific Data, Promotional Inputs & Gift Articles for Ethical Working and Better Promotion
★ Assurance of Timely Delivery, High Quality & Cost Effective Product Range.
★ Also contact for 3rd party manufacturing and PCD franchise marketing of DERMA COSMETICS range.
www.xenonpharma.in | info@xenonpharma.in | XENON Pharma Pvt. Ltd. | Contact : +91 9971340555

Our General Divisions: MERRIL | MESTRA | STERILE GENETICS
For any query :- 9719839944 (Call & SMS)
We have more than 2000 Products in our Successfully Running Company.
New Molecules available
Natural Progesterone 200/300/100 mg Tab.
Rifaximine 200/400/550 & Metronidazole 400 mg Tab.
Sultamycillin 375 mg Tab.
Dydrogesterone Tablets IP 10 mg
Emocare | NUECAD Cardiac-Diabetic division | Womana Gyne-infertility division | BEAUKIN (A Derma Division of Merril Pharma)
Piraciti-Plus | Metolip-ER 25/50 | Gensure-Sachet | Antihist-D
Velpy-200/300/500 | Nuepido-AS | Gensure-LC | Tacroril
Emofexine Tab. | Nuepido-Plus | NMPC-softgel/SR tab/ Inj. | Candigel
Emofexine Plus -50 | Tenzex-M | Gensure-F | Eberil
Registered Office :-A-401/402, Empire Business Hub, Science City Road, Ahmedabad-380060 (Gujarat)-India, Email : order@mestrapharma.com, Website : www.mestrapharma.com

BADRIVAS BIOTECH PVT. LTD.
Khasra No. 10 & 11 Village. Makkhanpur Bhagwanpur Roorkee-247661, Dist. Haridwar (Uttarakhand)
Contact For Export, Manufacturing & Franchise
Approved Section
Tablets | Capsules | Liquid | Ointment | Nutraceuticals
We have more than 5500 Approved Molecules
Welcome for small batches, Third Party Manufacturing, PCD & Export facility available.
Contact No. :- +91 72538 01212 , +91 72538 11212, +91 92580 45068
Email :- badrivasindia@gmail.com | www.badrivasbiotech.com

Contract Research manufacturer In Quality and state of Art sections of-
AYURVEDIC AYUSH MARK PRODUCTS: TABLET | CAPSULES | OIL | BHASMA | SYRUP
COSMECEUTICALS: SERUM | PSORIASIS | VITILIGO | SKIN CARE | HAIR CARE
ALLOPATHIC: TABLET | CAPSULE | OINTMENT
NUTRACEUTICALS
Rajani Healthcare Products
Office Address: Purva Complex, Sadashiv Peth Pune 411 030, Maharashtra India
Plant: E-18/1, Jejuri MIDC Tel: Purander Dist: Pune Maharashtra India 412 303, www.rajanipharma.com
pharma789@gmail.com, export.rhcp@gmail.com, info@rajanipharma.com, business@rajanipharma.com
+91 20 24471007 +91 20 24473132 +91 9823096996 +91 8793340533 +91 9168316618 +91 9604639665

PCD / FRANCHISEE
V & U Pharmaceuticals
Quality Service Reliability
Where Quality is the Core
All Products of V & U Pharmaceuticals are manufactured under stringent quality control in approved manufacturing facilities.
A NAME SYNONYMOUS TO QUALITY & TRUST
INVITING PROPOSAL FOR FRANCHISEE ACROSS COUNTRY
1. One of the best quality products and packaging.
2. Attractive Pricing.
3. Comprehensive & expanding produt basket
4. Expert Marketing Support/ Print Inputs.
5. Attractive Bonanza
TABLETS/CAPSULES SYRUPS/LIQUIDS RESPULES/ROTACAPS DEVICES/CREAMS
V & U PHARMACEUTICALS
Contact: 7017051435/9999355975
H-1.39N,RIICO Industrial Area, Khushkhera, Bhiwadi, Distt:Alwar, Rajasthan 301707
sales@vnupharmaceuticals.com; vnupharmaceuticals@gmail.com
www.vnupharmaceuticals.com

We Welcome Your Inquiries for 3rd Party Manufacturing
Committed to Create Miracles
MIRACLE LIFE SCIENCES
Best quality of efficiency Product we directly approved by WHO GMP
With the Wide Range of :
Tablets | Capsules | Liquids | Dry Syrup | Dry-Inj.
Drops | MEDICATED SOAP | Syrup | Ointments | Veterinary Bolus
Beta & Non-Beta | Ophthalmic Drops | Veterinary Inj.
Excellent Packing Like Alu-Alu, Blister & Strip Packing
Brand Promotional Input Like.....
Visual aid | Sample Catch covers | Visiting Cards | Product Literature | MR Bags | DCR Pad | Gifts
Trade Enquiries are Welcome for Third Party MFG. / PCD Franchises Distribution on Monopoly basis in PAN India.
M. +91 9897039922, 9897939961, 7037039923
MIRACLE LIFE SCIENCES
(Behind Patanjali Yog Peeth) 148, Village : Bahadarpur Saini, Post: Daulatpur Bahadrabad-249 405, Haridwar (U.K.)
Email : miracle.patel@gmail.com Web: www.miraclelifesciences.in

Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 2



Our Range
TABLET
CAPSULE
DRY SYRUP
OINTMENT
SYRUP
INJECTABLE
HERBAL PRODUCTS
SHAMPOO
SOAP
SOFT GEL
PROTEIN POWDER
SACHET
Our Group Companies
ZANEKA Healthcare Ltd.
Ambience Pharma
R.D.N. PHARMACEUTICALS
AvrioLifecare
Ambience Pharma
Contributing to the HEALTH of Individuals WORLD WIDE
Why WE ?
• Attractive Packing & Best Quality Medicines
• Latest Molecules & High Efficacy
• Monopoly Rights & Timely Delivery
• Competitive Price with Best Promotional Inputs
• Special Schemes for Nursing Homes & Hospitals.
• Wide Range of More than 400 Products
OUR TOP SELLING PRODUCTS
• Ampicillin 250 mg + Dicloxacillin 250 mg Capsule
• Itraconazole 400 SR / 200/ 100 Capsules
• Levofloxacin 250 mg + Ornidazole 500 mg Tablets/Kid Suspension
• Etoricoxib 60 mg + Thiocolchicoside 4 mg Tablets
• Rabeprazole 20 mg + Domperidone 30 mg Capsules
• Esomeprazole 40 mg + Domperidone 30 mg Capsules
• Cefpodoxime Proxetil 200 mg + Ofloxacin 200 mg Tablets
• Lyophilized Sachromyces Boulardii Sachets
• Rabeprazole 20 mg + Levosulpride 75 mg Capsules
• Lactitol Suspension
• Clopedogrel Tablets 75 mg
• Codeine Syrup
• Lactulose 10 g + White Dextrin 3.5 g + Polydextrose 2.1 g & Fructo-oligosaccharides 2.5 g Suspension
Third Party Manufacturing in WHO-GMP Unit.
Dedicated Plant for Clav Products.
TRADE ENQUIRES ARE WELCOME FOR PCD / FRANCHISEE / THIRD PARTY MANUFACTURING AT :-
Ph. +91-9997971077, +91-9627761357
Email :- ambiencepharma@gmail.com
www.ambiencepharma.com

# सन फार्मा को यूएसएफडीए ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली:** सन फार्मा को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) का पत्र जारी हुआ है। इसमें सन फार्मा को अपने दादरा स्थित विनिर्माण संयंत्र में दवा निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की पर्याप्त सफाई और रखरखाव करने में विफल रहने पर फटकार लगाई गई है।

**चेतावनी पत्र का ब्यौरा :** सन फार्मा के प्रबंध निदेशक दिलीप सांघवी को 18 जून को चेतावनी पत्र मिला। इसमें अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि उसने 4-15 दिसंबर, 2023 तक केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में संयंत्र का निरीक्षण किया है। यूएसएफडीए का कहना है कि सन फार्मा कंपनी दवा की प्रकृति के अनुरूप सफाई, रखरखाव और उपकरणों तथा बर्तनों को उचित अंतराल पर सैनिटाइज और/या रोगाणुरहित करने में विफल रही है। यह इसलिए जरूरी है कि किसी तरह की खराबी या संदूषण को रोका जा सके। इससे दवा उत्पाद की सुरक्षा, पहचान, शक्ति, गुणवत्ता या शुद्धता में कोई परिवर्तन न हो सके।

Helax
We Present WHO-GMP manufactured formulation at lowest price
3rd Party Manufacturing
Specialization
Hormones
Cephalosprins
Pencillin
Non Betalactum Section
Ayurvedic / Siddha
Unani Drugs
Foods
Natraceuticals (FSSAI) Supplements
Super Specialization
INFERTILITY
NEPHROLOGY
UROLOGY
CARDIOVASCULAR
CENTRAL NERVOUS SYSTEM
ANTI DIABETES
MUSCULO SKELETAL
PSYCHO TROPIC
ANTIBIOTIC
ANTI-INFECTIVE
ALIMENTARY
ANALGESICS
"Supporting your healing hands."
Helax
HELAX HEALTHCARE PRIVATE LIMITED
Mr. HARSH GUPTA
7417935356
www.helax.in

# मकान से नशीली दवा कोरेक्स की खेप जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**सोनबरसा:** मकान से नशीली दवा कोरेक्स की खेप जब्त कर तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवई इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तैनात सशस्त्र सीमा बल(एसएसबी) 51वीं बटालियन के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर मेन रोड में की। छापेमारी के दौरान एक मकान के कमरे से भारी मात्रा में नशीली दवाइयां व टेबलेट बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सोनबरसा निवासी राजेश कुमार पुत्र शत्रुध्न महतो के रूप में हुई है। कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर रमेश कुमार ग्वाला ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी।

तस्कर के ठिकाने से 100 मिली की 280 बोतल कोरेक्स दवा तथा 786 पत्ता नशीली टेबलेट बरामद की हैं। पता चला कि जब्त नशीली दवा की खेप को नेपाल भेजने की तैयारी थी। गिरफ्तार तस्कर व जब्त नशीली दवाइयों को स्थानीय थाने के हवाले कर दिया गया है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि इस मामले में मादक द्रव्य एवं मनोतेजक पदार्थ अधिनियम की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की है और तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी दल में कंपनी कमांडर के अलावा कांस्टेबल शहनाज खातून, सी नागार्जुन, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, दोनताला देवी, आशीष कुमार, मोना शामिल रहे।

# निजी अस्पताल में नवजात की मौत स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल किया सील

**कुशीनगर:** निजी अस्पताल में नवजात की मौत होने पर परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अस्पताल को सील कर दिया। मंसाछापर बाजार में जनता नाम से एक अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। जानकारी अनुसार अरनहवा निवासी सुग्रीम की पत्नी खुशी का 30 जून को इस अस्पताल में प्रसव हुआ था। तीन दिन इलाज के बाद जच्चा-बच्चा को घर भेज दिया गया। अभी तीन दिन पहले बच्चे की तबियत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें छुट्टी के बाद परिजन बच्चे को लेकर अभी भैरोगंज बाजार के पास पहुंचे थे कि उसकी मौत हो गई। परिजन बच्चे को लेकर पुनः अस्पताल में पहुंचे और हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस और चिकित्साधिकारी डॉ. जीशान अलीम व प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी मौके पर पहुंचे। अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। जांच में पता चला कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन बीते अप्रैल माह में ही समाप्त हो चुका था। इसके चलते एसडीएम के निर्देश पर अस्पताल को सील कर दिया गया।

BEN PHARMACEUTICALS
An ISO9001:2015 & GMP/GLP Certified Company
A COMPANY WITH ITS MANUFACTURING UNITS AS PER SCHEDULE " M" & GMP GUIDELINES ENGAGED IN MANUFACTURING & PROMOTION OF PHARMA PRODUCTS FOR THE LAST 36 YEARS.
Third Party Manufacturing & PCD/Franchise
Caring For Generation Next
INNOVATION ON THE FOLLOWING SEGMENTS
EXCELLENCE IN HEALTH CARE
WORLD CLASS PRODUCTS EXCLUSIVE & LATEST MOLECULES WITH INTERNATIONAL PACKING
WIDE RANGE OF PRODUCTS IN TABLETS, CAPSULES, LIQUIDS, INJECTIONS SACHET, DRY SYRUP OINTMENT, DERMA SOAPS, LOTION & IV FLUIDS
WE CALL FOR FRANCHISEES MARKETING PHARMA EXPORTS, AREA MANAGERS ETC. WITH FINACIALLY SOUND BACKGROUND MAY APPLY
In Case of any enq please contact: 8689000358
Unit-1:
BEN PHARMACEUTICALS
(An ISO 9001:2015& GMP/GLP Certified Company)
Kuldeep Nagar, Nanhera Road.
Ambala Cantt.133004 (Haryana)
Mob: 8689000357 8689000358, 8689000359
Email: purchasebenpharma@gmail.com
Corporate Office:
BEN* MED PHARMA PVT LTD.
( A unit of Specure Med Pvt Ltd.)
(An ISO 9001:2015& GMP/GLP Certified Company)
G.T. Road Motor Market, Ambala City-134003.
Mob:9813823456, Email: benpharma121@gmail.com
www.benpharmaceutical.in www.benpharma.in
36 YEARS

# गोदाम पर रेड कर 40 लाख रुपये की नशीली दवाएं जब्त

**बहरोड़:** गोदाम पर छापा मारकर 40 लाख रुपये कीमत की नशीली दवाएं जब्त की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। डीएसपी कृष्ण कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कस्बे के एक गोदाम में नशीली दवाएं सप्लाई की जा रही हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और गोदाम में सैकड़ों कार्टन दवाओं से भरे हुए जब्त किए। छापेमारी के दौरान चिकित्सा विभाग और औषधि विभाग की टीम भी साथ में रही।

**डॉक्टर चलाता है पूरा रैकेट :** पुलिस अधिकारी ने बताया कि नशे के खिलाफ बहरोड़ में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पूछताछ में आरोपी युवक से पता चला कि ये सभी नशीली दवाएं बहरोड़ नीमराना में सप्लाई होती थी। इस पूरे रैकेट को एक डॉक्टर चलाता है और कोटपुतली से इन दवाओं को बहरोड़ भेजता था। इसके बाद दवा दुकानों पर उनको सप्लाई किया जाता था।

**पकड़ी गई दवाएं प्रतिबंधित :** गोदाम से जब्त की गई नशे की सिरप, टेबलेट और महिलाओं के अबोर्शन की दवाएं प्रतिबंधित हैं। डीएसपी ने बताया कि इस पूरे रैकेट में कई लोग शामिल हैं। गिरफ्तार युवक से पूछताछ में कई खास जानकारियां मिली हैं। जल्द ही सभी आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

TORIOX LABORATORIES
Manufacturers of
Quality Nutraceutical & Ayurvedic Products
Wide range of Syrups, Tablets, Capsules, Sachets, Energy Powders, Oils, Protein Powders and Effervescent Tablets Available
For Manufacturing Related Queries
Call 99916 53003
All types of
Third party Manufacturing Enquires
Own Brand Manufacturing Enquires
Bulk Manufacturing Enquires
Welcome
TORIOX LABORATORIES
Plot No. 52, HSIIDC Alipur, Barwala, Panchkula, Haryana-134117
E-mail: info@torioxlaboratories.com
www.torioxlaboratories.com

# शुगर की ये दवा बना सकती है अंधा, रहें सतर्क

**नई दिल्ली:** शुगर और मोटापा कम करने की दवा आपको अंधेपन का शिकार बना सकती है। बता दें कि डायबिटीज और वजन कम करने के लिए बाजार में कई तरह की दवाइयां मिलती हैं। लेकिन इनके दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। जेएएमए ऑप्थैल्मोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में वजन घटाने और डायबिटीज के लिए दी जाने वाली दवा का संबंध ब्लाइंडनेस से बताया गया है। शेधकर्ताओं के अनुसार, जिन मरीजों को वजन घटाने या टाइप 2 डायबिटीज की दवा ओजेम्पिक या वेगोवी दी जाती है। उनमें संभावित रूप से अंधापन विकसित होने का खतरा ज्यादा होता है। मैसाचुसेट्स आई एंड ईयर अस्पताल के शोधकर्ताओं ने पाया कि मोटापे से ग्रस्त लोगों के खून में सेमाग्लूटाइड की मात्रा अधिक होती है। सेमाग्लूटाइड मोटापे या डायबिटीज की दवा ओजेम्पिक या वेगोवी में पाया जाने वाला घटक है। ऑप्टिक नर्व अंधेपन का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। ये बेहद रेयर डिजीज है जोकि एक लाख लोगों में से केवल 10 को प्रभावित करता है। ऐसा माना जाता है कि यह ऑप्टिक नर्व सिर में ब्लड फ्लो में कमी के कारण होता है और इससे एक आंख की रोशनी भी जा सकती है।

# चार निजी अस्पताल व तीन पैथोलॉजी सीज, संचालकों में हडकंप

**सोनभद्र:** चार निजी अस्पताल व तीन पैथोलॉजी सीज करने का मामला प्रकाश में आया है। स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित एक अन्य हॉस्पिटल का ओटी सीज कर नोटिस जारी किया है। इस कार्रवाई से अस्पताल संचालकों में हडकंप मचा हुआ है। प्राइवेट चिकित्सालयों के नोडल अधिकारी डॉ. गुलाब शंकर यादव की अगुवाई वाली टीम ने निजी अस्पतालों में जांच अभियान चलाया। टीम ने संबंधित अस्पतालों के पंजीकरण/नवीनीकरण फाइलों की जांच की। जांच में पता चला कि लोढ़ी स्थित आरटीओ कार्यालय के पास संचालित तृषा हॉस्पिटल में संचालित ओटी में मानकों की अनदेखी की गई थी। इसके चलते ओटी को बंद कराते हुए चेतावनी और किसी भी प्रकार का सर्जिकल कार्य करने पर रोक लगा दी। इसके बाद टीम परमहंस हॉस्पिटल उरमौरा पहुंची। निरीक्षण के दौरान दर्शाए गए चिकित्सकों में एक भी चिकित्सक मौके पर मौजूद नहीं मिला। यहां भी ओटी और ओपीडी सेवाओं को बंद करा दिया और हॉस्पिटल बंद करने की चेतावनी देते हुए नोटिस सौंपा गया है। टीम ने राबटर्सगंज कस्बे में स्थित श्याम हॉस्पिटल पर दबिश दी। निरीक्षण के समय नवीनीकरण के लिए प्राप्त पत्रावली पूर्ण नहीं मिली। उसमे दर्शाए गए चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ में से भी कोई मौके पर नहीं था। इस कारण हॉस्पिटल को सील कर दिया गया।

**दुर्गा पॉली हॉस्पिटल का लाइसेंस कैंसिल** महिला थाने के सामने स्थित दुर्गा पॉली हॉस्पिटल में भी नवीनीकरण की फाइल पूर्ण नहीं मिली। दर्शाए गए चिकित्सक-पैरामेडिकल स्टाफ यहां भी नहीं मिला। इस पर हॉस्पिटल को सील करते हुए नवीनीकरण आवेदन कैंसल कर दिया गया।

PCD Pharma Franchise Business Opportunities
Contact us : +91 8629001801, Email : epsilonbiotech@gmail.com
NEAR SENIOR SECONDARY SCHOOL, MOGINAND,KALA-AMB, NAHAN SIRMOUR,HIMACHAL PRADESH PIN-173030
BioSOFT Lifesciences Pvt. Ltd. — Contact us : +91 8580941809 Mr. Dalip Singh
Epsilon BIOTECH — Contact us : +91 8580941815 MR. Ashwani
BioSun DISCOVERY — Contact us : +91 9317012602 Miss. Sakshi Thakur
MILESTONE NUTRITIONS — Contact us : +91 8580941805 Mr. Balinder
Lee France Derma — Contact us : +91 8580941811 Miss. Swatika Kalche
ALORIA NATURALS — Contact us : +91 8580941802 Mrs.Bharti Tomar
Dmax Healthcare — Contact us:+91 85809 41810 Mrs. Rekha Chauhan
Amritya Herbals — Contact us : +91 8580941819 Mrs. Nirmal Thakur
Junior Care — Contact us : +91 8580941803 Mrs. Lavika Chaudhary
La' Glen Derma A Division of Epsilon Biotech — Contact us : +91 8580941817 Miss. Yukti Chauhan
Alvic Cure — Contact us : +91 8580941804 Miss. Sweety Kumari
Ved Sindari — Contact us:+9186290 01804 Mrs. Monika Shrma
All the products are of WHO,GMP Certified Manufacturing Units
All Products are Trademark Registered
Softgel Capsules | Tablets | Hardgel Capsules | Sachets
Protein Powder | Liquids | Derma & Cosmetics

REALNOVA HEALTHCARE
(AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COMPANY)
Your Enquires are Welcome For PCD/Franchise & Third Party Manufacturing
We Deals in
TABLETS | CAPSULES | LIQUID
SHAMPOO | SACHET | SOAP
DRY SYP | OINTMENTS
INJECTABLES | HERBAL PRODUCTS
We Have More Than 500 Products
OZENIUS PHARMACEUTICALS | Realved | EYESUKUN CARE | Cadinor
Contact no:-
+917009737900,
+917495006399
Email:
realnovahealthcare@gmail.com
Website: www.realnova.in

Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 3






## कंपनी का बिलिंग उत्तर प्रदेश के दवा व्यापारियों को स्वीकार नहीं

सन फार्मा की एस०एस०डी बिलिंग के फैसले को नकारते हुए इसकी अस्वीकारता के संबंध में दिनांक 21 जून 2024 को कंपनी के उच्च अधिकारियों को उत्तर प्रदेश केमिस्ट संघर्ष समिति के द्वारा पत्र भेजा गया था। 6 जुलाई 2024 को इस विषय पर कंपनी के दोबारा पत्र द्वारा यह सूचित किया गया की कंपनी का यह बिलिंग प्रोसेस उत्तर प्रदेश के दवा व्यापारियों को स्वीकार नहीं है। इस संबंध में संघर्ष समिति के संस्थापक गोपाल अग्रवाल द्वारा मेरठ में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई है।




## अभिनव वर्मा फिर चुने गए युवा राष्ट्रीय महामंत्री



**बुलंदशहर :** राजस्थान पुष्कर में आयोजित अखिल भारतीय मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की राष्ट्रीय बैठक में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें शहर निवासी अभिनव वर्मा को पुनः युवा राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मायछ ने बधाई दी।

## फार्मेसी संस्थानों को एनओसी देने का मामला गहराया, 105 अफसरों को नोटिस

**लखनऊ:** फार्मेसी संस्थानों को मनमाने ढंग से एनओसी जारी करने पर 105 अधिकारियों को नोटिस सौंपे गए हैं। प्राविधिक शिक्षा विभाग के इन अधिकारियों की नौकरी पर अब तलवार लटक गई है। सूबे में फार्मेसी संस्थान खोलने और उन्हें मान्यता देने के लिए एनओसी जारी करने में अधिकारियों ने बड़ा खेल खेला है। जरूरी दस्तावेज एवं जरूरी मानकों को पूरा नहीं करने वाले अपात्र संस्थानों को भी अधिकारियों ने डी-फार्मा कोर्स की एनओसी दे दी थी। दुबारा जांच होने के बाद अब प्राविधिक शिक्षा विभाग ने नए सिरे से 105 अधिकारियों को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है। इस मामले की शिकायत जब मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंची तो विभागीय जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट संतोषजनक नहीं मिलने पर जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनाकर दुबा. रा जांच कराई गई और इसमें गड़बड़ी के कुछ और नए तथ्य सामने आए। रिपोर्ट के बाद प्राविधिक शिक्षा परिषद ने आरोपी सभी 105 अधिकारियों को नोटिस जारी कर दिया है और 15 दिनों में जवाब भी मांगा है।

तीन बार की जांच में कई महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा हुआ है। एनओसी देते समय अधिकारियों ने आवेदकों के राजस्व अभिलेखों में पाई गई कमियों को जानबूझकर नजरअंदाज किया। कई जगह पीसीआई (फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया) के मानकों के अनुसार पुस्तकालय, प्रयोगशालायें व उपकरणों की कमी के बावजूद एनओसी जारी की दी गई। संस्थान के भवन बारे में भी कई संस्थानों की अधूरी सूचनाएं पाई गई हैं।

## नकली आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली कंपनी का भंडाफोड़

**नोएडा:** नकली आयुर्वेदिक दवा का निर्माण करने वाली अवैध फैक्ट्री पकड़ी गई है। यह कार्रवाई पुलिस और आयुष विभाग की टीम ने मिलकर सेक्टर-10 में की। आरोपी दो भाइयों अनीस अहमद और मोहम्मद शमी को मौके से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, कंपनी से भारी संख्या में नकली दवाइयां और अन्य सामान जब्त किए हैं। मुरादाबाद निवासी अजीजुल हसन आयुर्वेदिक दवा कंपनी नमन इंडिया चलाते हैं। कंपनी टाइगर किंग नाम से उत्पाद बनाती है।

अजीजुल का आरोप है कि कर्मचारी अनीस अहमद कंपनी छोडकर चला गया था। अनीस टाइगर किंग समेत अन्य उत्पादों से मिलती-जुलती आयुर्वेदिक दवाइयां बना रहा था। अजीजुल की शिकायत पर पुलिस ने ड्रग निरीक्षक गौतमबुद्धनगर को साथ लेकर सेक्टर-10 स्थित फैक्टरी पर छापेमारी की। मौके पर बड़ी संख्या में टाइगर किंग कंपनी के प्रोडक्ट से मिलते-जुलते रैपर, होलोग्राम और दवाइयां व अन्य सामान बरामद हुआ। टाइगर किंग क्रीम, नाइट गोल्ड क्रीम, मैनपॉवर क्रीम, यूनिट टाइम एंड ऑयल, कंप्रेसर मशीन, इलेक्ट्रिक पैकेजिंग मशीन, सीलिंग मशीन भी भारी मात्रा में यहां से मिली। पुलिस ने इसके बाद आरोपी अनीस अहमद और उसके भाई मोहम्मद शमी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला है कि आरो. पियों के पास दवा बनाने का लाइसेंस भी नहीं था। इस मामले में कोतवाली फेज वन पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट के अलावा विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। अजीजुल के अनुसार हाल ही में उनकी कंपनी की दवाइयों की मांग कम हुई। आंतरिक जांच में पता चला कि नमन इंडिया कंपनी में बनने वाली दवाओं से मिलती-जुलती दवा दुकानों में पहुंचाई जा रही थीं। नोएडा में उनकी कंपनी के नाम का इस्तेमाल कर नकली दवाइयां बनाईं जा रही हैं। आरोपी नकली दवाइयां कम कीमत पर बाजार में बेचते थे। ग्राहकों को बताया जाता था कि कंपनी ने दवाइयों की कीमतें कम कर दी हैं।

## मकान से नशीली सिरप और बेहोशी के इंजेक्शनों का जखीरा बरामद

**बरगढ़ (ओडिशा):** मकान से नशीली सिरप और बेहोशी के इंजेक्शन का जखीरा बरामद किया गया है। पुलिस ने एक घर में छापामारी की। मौके से कफ सिरप की 500 बोतलें और बेहोश करने वाले 1200 इंजेक्शन जब्त किए हैं और एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। टाउन थाने के आईआईसी सत्यजीत कंडेलकर के अनुसार पुलिस को कस्बे में मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर थाने की एक टीम ने कस्बे के मलपड़ा में स्थित एक मकान पर छापेमारी की।

**छापेमारी में ये दवाएं मिली :** पुलिस ने छापेमारी के दौरान प्रतिबंधित कफ सिरप की करीब 500 बोतलें, 1200 से अधिक बेहोश करने वाले इंजेक्शन, भारी मात्रा में बेहोश करने वाली दवाएं और 50 हजार रुपये नकद जब्त किए। उन्होंने घर से बुलू साहू नामक एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। बताया गया कि खांसी की दवा, बेहोश करने वाले इंजेक्शन और गोलियां बेचने के लिए लाई गई थी।

गौरतलब है कि पुलिस ने बरगढ़ जिले के पाइकमल में 4 लाख रुपये मूल्य की 1,349 बोतलें जब्त की थीं और दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इससे पहले भी 26 मई को पड़ोसी बलांगीर जिले में अवैध रूप से खांसी के सिरप की करीब 1200 बोतलें जब्त कर 3 लोगों को गिरफ्तार किया था। मकान से नशीली सिरप और बेहोशी के इंजेक्शन का जखीरा बरामद किया

## नशीले इंजेक्शन के साथ सीमा पर युवक गिरफ्तार

**ठूठीबारी/महाराजगंज।** ड्रग तस्करी रोकने में पुलिस को सफलता मिली है। भारत-नेपाल सीमा पर नशीले इंजेक्शन के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। ठूठीबारी कोतवाली पुलिस और 22 वी बटालियन के एसएसबी जवान भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर भरवलिया गांव के पास एक बाइक सवार संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन 91 एम्पुल ओर बाइक भी बरामद हुए । पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। तथा पुलिस उसके माध्यम से और भी आरोपी तक पहुच सकती है।




## प्रतिबंधित ट्रामाडोल की टेबलेट्स बेचने वाला काबू

**नरवाना (हरियाणा):** प्रतिबंधित ट्रामाडोल की टेबलेट्स बेचने के लिए खड़े नशा तस्कर को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास प्रतिबंधित 400 टेबलेट्स मिली हैं। सीआईए स्टाफ ने हंसडेहर गांव से पकड़े गए आरोपी की पहचान मदन गोपाल उर्फ पाली के रूप में की है। इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई अवतार सिंह के नेतृत्व में हंसडेहर गांव में गश्त पर थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि मदन गोपाल गांव में प्रतिबंधित दवा बेचने का काम करता है। इस समय वह अपने घर के पास बड़ी मात्रा में दवा लेकर खड़ा है। सीआईए टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक को मौके से पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से ट्रामाडोल की 400 गोलियां मिलीं। गढ़ी थाना पुलिस में मदन गोपाल उर्फ पाली के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि एनआरएक्स पेंटाजोसिन इंजेक्शन 30 एमजी/एमएल टैजोविन प्रतिबंधित है। मगर जिले में कुछ स्थानों पर इनको बाहर से मंगाकर बेचा जा रहा है और युवा इनको हाथ और पेट की नशों में लगाते हैं।

## वाहन में छिपाकर रखी 640 बोतलें जब्त

**जयनगर, मधुबनी (बिहार):** प्रतिबंधित दवा टाटा को 407 वाहन में छिपाकर ले जाने का मामला पकड़ में आया है। एसएसबी के कमला बीओपी के जवानों ने वाहन से 640 बोतल जब्त की है। इन्हें किराना सामान में छुपाकर रखा गया था। उप-निरीक्षक स्वाती त्यागी के नेतृत्व में जवान पेट्रोलिंग पर थे। पेट्रोलिंग टीम ने जयनगर बाजार स्थित मेनरोड में संदेह के आधार पर टाटा 407 गाड़ी को रुकवाया।

## NEET-PG परीक्षा की तारीख 11 अगस्त तक पुनर्निर्धारित

**नई दिल्ली:** नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा को " एहतियाती उपाय " के तौर पर स्थगित करने के ठीक एक पखवाड़े बाद राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ( एनबीईएमएस) ने प्रवेश परीक्षा की तिथि 11 अगस्त तय की है। पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी। अधिसूचना के अनुसार अब परीक्षा 11 को होगी और यह दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने की पात्रता के लिए कट-ऑफ तिथि 15 ही रहेगी। पिछले महीने यूजी परीक्षा के परिणामों में अनियमितताओं के आरोपों के बीच मंत्रालय ने देर रात अधिसूचना जारी कर 23 जून को निर्धारित समय से 12 घंटे से भी कम समय पहले परीक्षा स्थगित करने की घोषणा की थी। इसे एहतियाती उपाय बताते हुए परीक्षा प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखने के लिए परीक्षा रद्द कर दी थी




## पतंजलि से सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल तो वकीलों के पास नहीं मिला जवाब

**नई दिल्ली:** पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किए कि वह इस बात का सबूत दे कि प्रतिबंधित वस्तुएं नहीं बेची जा रही हैं। बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट को पतंजलि आयुर्वेद ने बताया कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके निर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अप्रैल में सस्पेंड कर दिए थे। मामले की सुनवाई जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने की। पीठ को पतंजलि आयुर्वेद ने बताया कि उसने 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर को इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

**पतंजलि आयुर्वेद ने दी सफाई :** पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि मीडिया मंचों को भी इन 14 उत्पादों के सभी विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया है। इस पर जस्टिस कोहली ने पूछा कि क्या आपने सोशल मीडिया इंटरमीडियरी से इसे हटाने को कहा और क्या आपके सभी विज्ञापन हट गए हैं। पतंजलि के वकील ने कहा कि सभी मीडिया को निर्देश भेज दिया है कि वे हमारे विज्ञापन न दिखाएं। जस्टिस कोहली ने पूछा कि आपने तो उनसे अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने क्या वे सारे विज्ञापन हटा दिए है? आपके पास कुछ सबूत हैं?

जस्टिस कोहली के इन सवालों का पतंजलि के वकील बगलें झांकने लगे। तब जस्टिस कोहली ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी और पतंज. लि आयुर्वेद को दो हफ्ते के भीतर एक हलफनामा दायर कर यह बताने का निर्देश दिया कि क्या विज्ञापन हटाने के लिए सोशल मीडिया मंचों से किए गए अनुरोध पर अमल किया गया है। क्या इन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस ले लिए गए हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख तय की। सुप्रीम कोर्ट भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने न्यायालय को बताया था कि पतंज. लि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के निर्माण लाइसेंस को 'तत्काल प्रभाव से निलंबित' कर दिया है। सर्वोच्च अदालत ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।



Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 4






# Technological advances and staffing improvements: Lifelines for Doctors

**New Delhi:** Being the nucleus of the healthcare industry, doctors work under extreme pressure with high expectations, committing themselves to the well-being of patients and often going above and beyond the call of duty. For many, clocking overtime is part of their daily schedule, and the horrors of the pandemic stand as a testament to their dedication, as they prioritised their professional responsibilities over personal lives.

However, these challenging times not only highlighted the exceptional efforts of doctors but also exposed the imbalance in the doctor-to-patient ratio, which exacerbated their workload, affecting their efficacy, efficiency, and health. Other gaps, such as the lack of infrastructure and logistics, were also brought to light. On the occasion of National Doctors Day, connected with several experts to understand their situation. Vikram Thaploo, CEO-Telehealth at Apollo Hospitals Enterprises Limited, stated, "From working in the most distant and remote places to adopting technologies like telemedicine, doctors are leaving no stone unturned to bridge the gaps in care and enhance accessibility for patients. Amidst demanding schedules and the pressures of healthcare delivery, ensuring they have access to mental health support, manageable workloads, and opportunities for continuous professional growth is essential.




## जब तक असमानताएं रहेगीं, NEET घोटाले होते रहेगें: शेट्टी देवी

**बेंगलुरुः** देश भर में, सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाती है। नीट-यूजी 2024 5 मई, 2024 को 4,750 केंद्रों पर आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे। पेपर लीक सहित परीक्षा अनियमितताओं ने कई शहरों में विरोध प्रदर्शन किया है और प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के बीच झड़पें तेज हो गई हैं। डॉ देवी शेट्टी, नारायण हेल्थ के संस्थापक और अध्यक्ष, जिन्होंने नीट मेडिकल परीक्षा की अवधारणा के समय मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य के रूप में भी काम किया था। हाल ही में कथित NEET-UG अनियमितताओं के बारे में के साथ विशेष बातचीत करते हुए, उन्होंने बताया कि NEET परीक्षाएं एक सुविचारित प्रक्रिया के बाद पैदा हुई थीं, मैं लगभग 11 साल पहले NEET की अवधारणा में शामिल लोगों में से एक था, जब मैं उस समय मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के गवर्नर के बोर्ड का सदस्य था। उन दिनों, इच्छुक मेडिकल छात्र 10 अलग-अलग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए दो महीने तक देश भर में चक्कर लगाते थे। भारी लागत और मानसिक यातना के साथ।

इसलिए हमने फैसला किया कि हमें एक आम प्रवेश परीक्षा आयोजित करनी चाहिए। इस तरह NEET का जन्म हुआ, डॉ शेट्टी ने कहा। वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों की मांग और आपूर्ति के अंतर को इंगित करते हुए, डॉ शेट्टी ने कहा, अब भारत जैसे देश में कम से कम 10,00,000 मेडिकल सीटें होनी चाहिए, न कि 1,10,000 सीटें, क्योंकि हमारे पास दस लाख से ज्यादा डॉक्टरों की कमी है। वैश्विक स्तर पर यह कमी 80 मिलियन स्वास्थ्य कर्मियों की है।

## नशीली दवा की तस्करी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**वीरपुरः** नशीली दवा की तस्करी रोकने में बड़ी सफलता मिली है। मौके से दो तस्करों को नशीली दवा एस्कुफ सिरफ 100 मिली की 50 बोतल एवं एनआरएक्स ट्रामाडोल कैप्सूल की एक हजार कैप्सूल समेत गिरफ्तार किया गया है। एसएसबी 45वीं बटालियन से रिफ्यूजी कॉलोनी बीओपी के जवानों को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर नाक. ाबंदी की गई और मौके से बाइक सवार दो तस्करों को रोक लिया। तस्करों की तलाशी लेने पर उनके पास नशीली दवा मिली। इसके चलते दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी बाइक भी जब्त कर ली गई है। दोनों तस्करों को कागजी कार्रवाई के बाद वीरपुर पुलिस को सौंप दिया गया है।

जानकारी देते हुए एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि बनेलीपट्टी से वीरपुर नशीली दवाइयों की तस्करी होने वाली हैं। नरेश कुमार के नेतृत्व में अन्य 04 एसएसबी के कार्मिकों का एक विशेष नाका दल तैयार किया और चिन्हित स्थान पर भेजा। कुछ समय बाद नाका दल ने देखा कि दो व्यक्ति एक काले रंग की बाइक पर एक बोरी लिए आ रहे हैं। नाका दल ने उन्हें रोककर तलाशी ली। तलाशी में उक्त व्यक्ति के पास एस्कुफ सिरफ 100 मिली की 50 बोतल एवं एनआरएक्स ट्रामाडोल कैप्सूल की एक हजार कैप्सूल बरामद की गयी।

## उत्तर प्रदेश केमिस्ट संघर्ष समिति की कार्यकारिणी

59/115, अवस्थी मार्केट, बिरहाना रोड, कानपुर, उत्तर प्रदेश

**संस्थापक** - **रमेश माहेश्वरी,** मे. त्रिप्ती फार्मास्युटिकल्स (वाराणसी) **मो. 9415228283.**

**गोपाल अग्रवाल,** मे. बंसल ड्रग प्रा.लि. (मेरठ) **मो. 9837087693.**

**संयोजक** - राजेन्द्र सैनी, मे. सैन फार्मा (कानपुर) **मो. 9838776616.**

**सदस्य**

संजय मेहरोत्रा, कानपुर **मो. 9839114889.**
चन्दकिशोर ओझा, कानपुर **मो. 9839102047.**
गिरारी लाल भगतायानी, आगरा **मो. 9927933500.**
के. के. गहोई, उरई **मो. 9839730907.**
प्रवीन बाजपेयी, कानपुर **मो. 9453035555**
ओ. पी. सिंह, लखनऊ **मो. 9415101165**
अशोक अग्रवाल, कानपुर **मो. 9415682444**
श्रीमती नीरू जैन, मेरठ **मो. 8057550550**
अखिल रस्तोगी, बदायू **मो. 9897068516**
जयदीप गुप्ता, रामपुर **मो. 7017975234**
संजय शुक्ला, बाराबंकी **मो. 9984427788**
पुनीत सिंघल, गाजीपुर **मो. 9125839500**
सुभाष चन्द्र मौर्य, जौनपुर **मो. 6388372136**
उमेश श्रीवास्तव, अलीगढ़ **मो. 9058129523**
वृजकिशोर दुबे, फतेहगढ़ **मो. 9450310073**
डा. आशीष ब्रह्मभट्, आगरा **मो. 9897811055**
सुमित पावा, कानपुर **मो. 7860100001**

## नशीले इंजेक्शन से भरी स्कार्पियो जब्त, युवक गिरफ्तार

**रोहतक (हरियाणा)।** नशीले इंजेक्शन से भरी एक स्कार्पियो कार को जब्त करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने ये नशे के इंजेक्शन बिहार से कुरियर के जरिए मंगवाए थे। तलाशी में कुल 5650 नशीले प्रति. बंधित इंजेक्शन मिले हैं और इनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है। यहां इन्हें करीब पांच गुना दरों पर बेचा जाता है। पुलिस ने रो. हतक के बहु अकबरपुर गांव में एक स्कार्पियो सवार युवक से 5650 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि रोहतक के मायना गांव निवासी सुमित नशे का धंधा करता है। और वह नशीले इंजेक्शन लेकर रोहतक में सप्लाई करने के लिए आ रहा है। पुलिस ने सूचना के तहत बहु अकबरपुर गांव में एमजी मोटर्स के पास जांच की तो बिना नंबर की काली स्कार्पियो को रोका। सुमित नामक युवक की कार की तलाशी में 5650 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन मिले। इनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। जबकि इसे पांच गुना दरों पर इनको बेचा जाता है।

## कैंसर की दवा जांच में मिली अवैद्य

**गाजियाबादः** कैंसर की दवा नकली मिलने पर इसका निर्माण करने वाले आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवाया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कैंसर की नकली दवाई बनाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इनकी गिरफ्तारी 11 नवंबर 2022 को दिल्ली क्राइम ब्रांच ने गाजियाबाद औषधि विभाग के साथ मिलकर लोनी के ट्रोनिका सिटी क्षेत्र के एक घर में छापेमारी के दौरान की थी। आरोपी फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। औषधि विभाग ने पवित्र नारायण प्रधान और शुभम मुन्ना निवासी नोएडा, पंकज सिंह बोहरा निवासी गंगोलीहाट उत्तराखंड, व अंकित शर्मा निवासी ग्राम गोठरा निवासी बागपत के खिलाफ कोर्ट में मामला दर्ज करवाया है। चारों आरोपी फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली क्राइम ब्रांच और औषधि विभाग ने करीब डेढ़ वर्ष पहले लोनी में छापेमारी की थी।




## डॉक्टरों की टीम को मिलेगा 20 लाख रुपये मुआवजा

**कोयंबटूरः** निजी अस्पताल व डॉक्टरों की टीम को 20 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग कोयंबटूर ने मेट्टुपालयम रोड स्थित कल्पना अस्पताल और पांच डॉक्टरों की टीम को जारी किए। शिकायतकर्ता तांगेडेको साईब्रह्मण के एक सहायक अभियंता को एक माह के भीतर भुगतान करना होगा। उनकी पत्नी राजलक्ष्मी (43) की 2018 के दौरान लापरवाही और सेवा में कमी के कारण मौत हो गई थी। अदालत ने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता को मानसिक पीड़ा और भावनात्मक आघात पहुंचा है। राजलक्ष्मी को एक दुर्घटना में ठोड़ी में फ्रैक्चर होने पर सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन प्रक्रिया से पहले रक्त आधान के समय उत्पन्न जटिलताओं के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। शिकायतकर्ता का तर्क था कि रक्त आधान के समय मरीज को अकेला छोड़ दिया गया था। अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी तमिल सेल्वन ने डिस्चार्ज समरी में मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया था।



Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 5











## महिला ड्रग इंस्पेक्टर ने मांगी 1 लाख रुपये रिश्वत, सहायक गिरफ्तार

**मुंबई:** प्राप्त समाचार के अनुसार महिला ड्रग इंस्पेक्टर को शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये रिश्वत मांगने पर उनके सहायक मेडिकल स्टोर संचालक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पालघर जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने की। पालघर में ड्रग इंस्पेक्टर आरती शिरीष कांबली ने शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत लेने पर उनके सहायक और मोरेगांव नाला. सोपारा में स्थित दुर्गा मेडिकल स्टोर के मालिक कृष्ण कुमार आशाराम तिवारी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के अनुसार आरोपी ड्रग इंस्पेक्टर आरती शिरीष कांबली ने शिकायतकर्ता के मेडिकल स्टोर पर गत 14 जून 2024 को छापेमारी की थी। इसके बाद औषधि तथा सौंदर्य प्रसाधन नियम 1940 के तहत नियम का उल्लंघन करने पर मेडिकल स्टोर को बंद करने का नोटिस सौंपा था। इसके बाद शिकायतकर्ता का मेडिकल स्टोर बंद करा दिया गया।

**मेडिकल स्टोर दोबारा शुरू करने के नाम पर मांगी रिश्वत :** शिकायतकर्ता का बंद मेडिकल स्टोर पुन: शुरू कराने के लिए ड्रग इंस्पेक्टर आरती शिरीष कांबली ने एक लाख रुपए की मांग की थी। पीडित ने पालघर के एंटी करप्शन ब्यूरो को इस संबंध में शिकायत दी। ब्यूरो ने इस मामले में जांच पड़ताल की। ड्रग इंस्पेक्टर आरती शिरीष कांबली ने शिकायतकर्ता से दोबारा उनका बंद मेडिकल स्टोर शुरू कराने के लिए एक लाख रुपए मांगे और यह राशि नालासोपारा में स्थित दुर्गा मेडिकल स्टोर के मालिक को सौंपने के लिए दबाव डाला।

शिकायतकर्ता जब ड्रग इंस्पेक्टर के निर्देश पर मेडिकल स्टोर के मालिक कृष्ण कुमार तिवारी को एक लाख रुपए दे रहा था तो पालघर एंटी करप्शन ब्यूरो ने तिवारी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## ब्लड प्रेशर की दवा से डायबिटीज रोगियों की आंखों की रोशनी रहेगी बरकरार

**जोधपुर:** प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लड प्रेशर की दवा नेफ्रोनिल को डायबिटिक यानि शुगर (मधुमेह) से पीडित रोगियों के लिए लाभकारी पाया गया है। नेफ्रोनिल डायबिटीज रोगियों की आंखों की रोशनी को कम होने से बचाती है। यह खुलासा जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग की ओर से एम्स जोधपुर के साथ मिलकर किए गए नए शोध में हुआ है। शोधकर्ताओं ने डायबिटीज से ग्रसित चूहों पर यह प्रयोग किए।

इसके अच्छे परिणाम मिलने पर अब डॉक्टर नेफ्रोनिल का उपयोग रोगियों पर कर सकेंगे। गौरतलब है कि यह शोध जेएनवीयू के प्राणी शास्त्र विभाग के डॉ. हीराराम, एम्स बायोकेमेस्ट्री विभाग के धर्मवीर यादव सहित अन्य शोधकर्ताओं ने किया है। इसे अमरीका के विले पब्लिकेशन ने अपने जर्नल बायोटेक्नोलॉजी एण्ड एप्लायड बायोकेमेस्ट्री में प्रकाशित किया है। बता दें कि नेफ्रोनिल ब्लड प्रेशर में काम आने वाली पुरानी दवा है। आजकल इस दवा का प्रयोग डॉक्टर कम ही करते हैं।

डायबिटीज को बढने नहीं देती यह दवा : डायबिटिक मरीजों की आंखों में रेटिना की रक्त वाहिकाएं फट जाती हैं और धीरे-धीरे रोशनी चली जाती है। रेटिनोपैथी के लिए तीन एंजाइम जिम्मेदार हैं। एल्डोलेज रिडक्टेज ग्लूकोज बढ़ाता है। एसीई-2 एंजाइम रक्त वाहिकाओं पर केपेलरी प्रेशर बढ़ाता है। डीपीपी-4 इंसुलिन का स्राव रोकता है। नेफ्रोनिल तीनों एंजाइमों को बाधित कर देती है। इससे आंखें स्वस्थ रहती हैं। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर में प्राणीशास्त्र विभाग के डॉ. हीराराम का कहना है कि उम्र के साथ डायबिटीक मरीजों को सर्वाधिक परेशानी इस बीमारी के कारण होने वाली अन्य बीमारियों से होती है। नेफ्रोनिल आंखों की रोशनी बनाए रखने में बेहतर साबित हुई है। ब्लड प्रेशर की दवा नेफ्रोनिल को डायबिटिक यानि शुगर (मधुमेह) से पीडित रोगियों के लिए लाभकारी पाया गया है। ब्लड प्रेशर की दवा नेफ्रोनिल को डायबिटिक यानि शुगर (मधुमेह) से पीडित रोगियों के लिए लाभकारी पाया गया है।






## फार्मा कंपनी ल्यूपिन और अरबिंदो ने यूएस मार्केट से वापस मंगाई दवाइयां

**मुंबई:** प्राप्त समाचार के अनुसार फार्मा कंपनी ल्यूपिन और अरबिंदो ने यूएस मार्केट से अपनी दवाइयां वापस मंगाई हैं। इस बारे में यूएस हेल्थ रेगुलेटर का कहना है कि यूनिट मैन्युफैक्चरिंग इश्यू के कारण फार्मा अपने प्रोडक्ट वापस मंगा रही हैं। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (यूएसएफडीए)की रिपोर्ट में बताया गया है कि ल्यूपिन की एक यूएस यूनिट ने बैक्टीरियल इंफेक्शन के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवा को वापस मंगाया है।

बाल्टीमोर बेस्ड ल्यूपिन फार्मास्यूटिकल्स इंक ने कंटेट यूनिफॉर्मिटी स्पेसिफिकेशन फेल के कारण ओरल सस्पेंशन (USP 200 mg@5 mL) के लिए Cefinime की 3,552 बोतलें वापस मंगाई हैं। बता दें कि कंपनी ने इस साल 30 मई को क्लास II नेशनवाइड (US) रिकॉल शुरू किया था। इसी तरह अरबिंदो फार्मा की सब्सिडिटरी न्यू जर्सी स्थित Eugia US LLC, डेक्सामेथासोन सोडियम फॉस्फेट इंजेक्शन यूएसपी की 70,125 शीशियों को वापस मंगाया है। यूएसएफडीए के अनुसार कंपनी ने कहा कि वह impurities@degradation specifications के विफल होने के कारण प्रभावित लॉट को वापस ले रही है। गौरतलब है कि पिछले एक साल में ल्यूपिन कंपनी के शेयर में 82.35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अरबिंदों फार्मा के शेयर में एक साल में 77.36 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। फार्मा कंपनी ल्यूपिन और अरबिंदो ने यूएस मार्केट से अपनी दवाइयां वापस मंगाई हैं।




## शुगर की नकली दवा से रहें सावधान : WHO

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार शुगर की नकली दवा बाजार में धड़ल्ले से बिक रही है। इनसे आप सभी को सावधान रहने की जरूरत है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (WHO) ने भी इस दवा को लेकर अलर्ट जारी किया है। डब्ल्यूएचओ ने लोगों को नकली ओजेम्पिक दवाओं से बचने की सलाह दी है। गौरतलब है कि मोटापा कंट्रोल करने के लिए लोग हर दिन दवा खाते हैं। बेहतर लाइफस्टाइल और हेल्दी डाइट के साथ डायबिटीज की दवा बेहद असरदार साबित होती है। यही वजह है कि शुगर के मरीज नियमित दवा का इस्तेमाल करते हैं। विश्व में शुगर लेवल कंट्रोल करने और वेट लॉस के लिए ओजेम्पिक (सेमाग्लूटाइड) ड्रग्स का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जाता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि डायबिटीज और वेट लॉस के लिए सेमाग्लूटाइड ड्रग वाली दवा इस्तेमाल की जाती है। हालांकि कई देशों में नकली सेमाग्लूटाइड्स की दवाएं मिली हैं। इससे लोगों की सेहत के लिए खतरा बढ़ गया है। पिछले साल अक्टूबर में ब्राजील, यूनाइटेड किंगडम और आयरलैंड में नकली दवाएं मिली थीं। इसके बाद दिसंबर 2023 में यूएस में नकली दवाओं का पता चला था। नकली दवा की रिपोर्टों की पुष्टि के बाद डब्ल्यूएचओ ने अलर्ट जारी किया है। हेल्थ प्रोफेशनल्स, अथॉरिटीज और लोगों को इन नकली दवाओं के बारे में सचेत रहने को कहा है। अगर इन दवाओं में जरूरी ड्रग्स नहीं है, तो ये दवाएं ब्लड शुगर को अनकंट्रोल कर सकती हैं।

## बैठक

कानपुर में हुई यूपी के दवा व्यापारियों की मीटिंग में आगरा रिटेल एसोसिएशन के पदाधिकारी ने अपने अधिकार के लिए बयान दिया। उन्होंने आत्मीयता का दर्द और अपनी बात रखी, जिसमें पदाधिकारी आगरा रिटेल व्यापारियों का शोषण ना हो सके, कटिंग की गोलियां वापस हो जाएं किसी व्यापारियों का कोई नुकसान ना हो, आगरा रिटेल एसोसिएशन के पदाधिकारी अगर रिटेल व्यापारी एक नहीं हुआ तो व्यापार में बड़ा नुकसान हो जाएगा अब 30 परसेंट बिजनेस प्रधानमंत्री योजना को गया जो जेनेरिक दवाइयां बेच रहे हैं, 30% व्यापार मोनोपोली दवाइयां जो डॉक्टर खुद ही मंगा कर बेच रहे, एवं 20 परसेंट व्यापार ऑनलाइन खा गया। अब 20 परसेंट बचा है उससे कैसे निकालेगा खर्चा। यह आपको सोचना है, इसलिए अब एकजुट होने का समय है। **Aashish Brahmbhatt Agra**
**9897811055**

## भारतीय फार्मा निर्यात: 2029 तक पेटेंट रहित दवा बाजार में 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अवसर

**हैदराबाद:** वाणिज्य विभाग के तहत आने वाली संस्था फार्मास्यूटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमा. ेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (फार्मेक्सिल) के एक शीर्ष अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि 2023 से 2029 के दौरान 112 बिलियन अमरीकी डॉलर के राजस्व वाली 15 ब्लॉकबस्टर दवाओं का पेटेंट रद्द कर दिया जाएगा और भारतीय फार्मा उद्योग के पास जेनेरिक (कॉम्प्लेक्स सहित) के रूप में 10 बिलियन अमरीकी डॉलर का विकास अवसर होगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, फार्मासिल के महानिदेशक उदय भास्कर ने यह भी कहा कि भारतीय फार्मा निर्यात ने इस साल अप्रैल और मई के दौरान 8.85 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4.35 बिलियन अमरीकी डॉलर के मुकाबले 4.73 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गई। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक नियामक एजेंसियों द्वारा गुणवत्ता संबंधी चिंताएं उठाए जाने के बाद, फार्मेक्सिल की प्राथमिकता गुणवत्ता प्रबंधन और राज्यों में क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से उद्योग में गुणवत्ता संस्कृति को आत्मसात करने पर स्थानांतरित हो गई है ताकि वैश्विक मंच पर भारतीय फार्मा की छवि को बनाए रखा जा सके।

फार्मा निर्यात निकाय के अनुसार, भारत में 748 अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा अनुमोदित विनिर्माण सुविधाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय फार्मा क्षेत्र भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे, मूल्य निर्धारण दबाव और वैश्विक नियामक एजेंसियों द्वारा बढ़ती जांच जैसी चुनौतियों से भरा हुआ है और सरकार को इन बाधाओं को दूर करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है। अधिकारी ने कहा, 2023-29 के दौरान, 112 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य की 15 ब्लॉकबस्टर दवाओं (जैविक उत्पादों सहित) का पेटेंट रद्द किया जाएगा, जो भारत की दवा कंपनियों के लिए 10 बिलियन अमरीकी डॉलर के अतिरिक्त विकास के लिए जबरदस्त अवसर प्रदान करेगा। फार्मेक्सिल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मर्क की पेम्ब्रोलिजुमाब (कीट्रूडा) जैसी दवाएँ, जिनका राजस्व 25 बिलियन अमरीकी डॉलर था और ब्रिस्टल-मायर्स स्क्विब की एलिकिस (एपिक्सैबन)-12 बिलियन अमरीकी डॉलर, अन्य के अलावा अगले कुछ वर्षों में पेटेंट रद्द कर दी जाएँगी।




## वोनोप्राजन टैबलेट के लिए सनफार्मा ने किया टकेडा से समझौता

**नई दिल्ली:** वोनोप्राजन टैबलेट के लिए सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने टकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ लाइसेंसिंग समझौता किया है। इस दवा का इस्तेमाल रिफ्लक्स एसोफैगिटिस और अन्य अम्ल पाचन संबंधी विकारों के इलाज में किया जाता है। मुंबई स्थित सन फार्मा कंपनी ने कहा कि उसने भारत में 10 और 20 मिलीग्राम की मात्रा में वोनोप्राजन टैबलेट के व्यावसायीकरण के लिए टेकेडा के साथ एक गैर-अनन्य पेटेंट लाइसेंसिंग समझौता किया है। वोनोप्राजन एक नया, सक्रिय पोटेशियम प्रतिस्पर्धी एसिड अवरोधक (पीसीएबी) है। इसका उपयोग रिफ्लक्स एसोफैगिटिस और अन्य अम्ल पाचन संबंधी विकारों के इलाज के लिए किया जाता है। सनफार्मा के भारतीय कारोबार के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कीर्ति गना. ेरकर ने कहा कि सन फार्मा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में अग्रणी है और वे टकेडा से गैर-अनन्य पेटेंट लाइसेंस के तहत भारत में वोनोप्राजन को पेश करने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्वास्थ्य के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह रोगियों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को रिफ्लक्स एसोफैगिटिस और अन्य पाचन संबंधी विकारों के लिए एक नया इलाज देती है। गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग के बारे में बता दें कि जब हम भोजन खाते हैं, तो यह गले से ग्रासनली के माध्यम से पेट में जाता है। निचली ग्रासनली में मांसपेशी तंतुओं का एक रिंग शेप का गेट एसोफैजियल स्फिंक्टर होता है। यह निगले हुए भोजन को वापस ऊपर आने से रोकता है। जब यह एसोफैजियल स्फिंक्टर पूरी तरह से बंद नहीं होता तो पेट का खाना वापस ग्रासनली में आ जाता है। इसे ही रिफ्लक्स या गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स कहा जाता है।

## 2 हॉस्पिटल्स का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन कैंसिल

**रामगढ़:** 2 हॉस्पिटल्स का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया गया है, वहीं एक अस्पताल का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड कर दिया है। उपरोक्त सभी अस्पतालों पर जुर्माना भी लगाया गया है। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार को राज्य स्तर से निरीक्षण प्रतिवेदन मिले थे। इनमें की गई अनुशंसा के आधार पर कार्रवाई की गई। बीएम सेवा सदन गोला का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह के लिए सस्पेंड कर दिया गया और 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। इसके अलावा, अदिति नर्सिंग होम, गोला एवं वरदान हॉस्पिटल पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दोनों संस्थानों का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से कैंसिल कर दिया है। उपायुक्त ने सभी अस्पताल संचालकों को एक चिकित्सक, योग्य स्टाफ की उपस्थिति, मेडिकल रिकॉर्ड का समुचित रख-रखाव, जैविक अपशिष्ट से संबंधित प्रोटोकॉल का अनुपालन, फायर एनओसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा है कि चिकित्सा संस्थानों के संचालन के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बीते माह राज्य एवं जिला स्तरीय टीम ने संयुक्त रूप से अस्पतालों का निरीक्षण किया था। इसी के आधार पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई है।

## निजी अस्पताल से नवजात चोरी

**बरेली:** निजी अस्पताल से नवजात बच्चा चोरी होने का मामला सामने आया है। इसके चलते परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। इज्जतनगर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पीलीभीत निवासी सुशील कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी कोमल ने 22 दिन पहले बेटे को जन्म दिया था। बच्चे की हालात में सुधार नहीं हो रहा था तो उन्होंने बरेली के डोहरा मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में उसे मशीन में रखवा दिया। चार दिन से बच्चा यहां भर्ती था और परिवार के लोग भी अस्पताल परिसर में ही रह रहे थे।

## नशीली दवा का जखीरा पकड़ा, दवा केडीजरेक्स की 38 बोतलें बरामद

**शिमला:** प्राप्त समाचार के अनुसार नशीली दवा का जखीरा जब्त करने में पुलिस टीम को भारी सफलता मिली है। पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर अप्पर शिमला के चौपाल कस्बे में आधी रात को एक मकान में दबिश दी और आरोपियों को धर दबोचा। निरीक्षण के दौरान पता चला कि आरोपी एक निजी भवन में किराए के कमरे में नशीली दवाओं की तस्करी को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में नेरवा निवासी 25 वर्षीय चिराग और 25 वर्षीय निशांत, चौपाल निवासी 31 वर्षीय राकेश, 34 वर्षीय गुलशन और कुपवी निवासी 25 वर्षीय पवन शामिल हैं। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ चौपाल थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।




**PALCO**

Free consultancy and set up for old / new nursing home, medical center / hospitals, R&D LAB, educational science lab school, all industries lab with trunkey projects in pan India.

**Contact : Mr. R.P. PAL / NEERAJ PAL**
**Call : 9891177191 / 8377951686**
**1802, FF, Electrical Market, Bhagirath Palace, Chandni Chowk, Delhi 110006**

Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 7




BW
Manufactured in India For:
Beingwell Healthcare
(AN ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY)
Your enquires are Welcome for Franchisee/PCD & Distribution Monopoly Bussiness for Unrepresented Area.
All OVER INDIA
Tablet | Capsules | Ointment | Injection
Soft Gel Cap. | Syrup | Ayurvedic | Sachet
LATEST & NEW DCGI MOLECULES
Parties looking for entire state URGENTLY CALL 9816702610 750889990
Full Promotional Support -
• Attractive Promotional Corporate
• Gifts
• Visual Aids
• Order Book
• Reminder Card
• Catch Covers
• MR Bags
Third party manufacturing proposals invited
Call for more Details
SCO : 485, 2nd, Floor, M. Market, Manimajra, Chandigarh-160101
Contact: 172-5024875, 7508899900, 9816702610
Email : beingwell2015@gmail.com
Website : www.beingwellhealthcare.co.in


## नशीली टेबलेट की अवैध बिक्री के लिए घूम रहे तीन गिरफ्तार

**रायपुर:** प्राप्त समाचार के अनुसार नशीली टेबलेट की अवैध बिक्री के लिए घूम रहे तीन युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली कि थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत टाटीबंध स्थित एम्स अस्पताल गेट नंबर एक के पास ई-रिक्शा में सवार कुछ व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखे हुए हैं। वे इनकी बिक्री करने के चक्कर में है। इस पर मुखबीर द्वारा बताये गए ई-रिक्शा वाहन को पहचान की गई। वाहन में तीन व्यक्ति सवार मिले। उन्होंने पूछताछ में अपना नाम अमन सोनेकर उर्फ सन्नी, विरेन्द्र सोनी उर्फ तुतरू एवं गौतम सोनी उर्फ तरूण निवासी सरस्वती नगर रायपुर बताया। टीम के सदस्यों ने उनके पास रखे बैग की तलाशी ली तो उसमें स्पासमो नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिली। उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने एवं बिक्री करने के संबंध में तीनों से वैध दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दिखा पाए। इसके चलते टीम के सदस्यों ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 2736 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिली की है।

## नशीली दवा याबा की तस्करी रोकी

**गुवाहाटी:** नशीली दवा की तस्करी रोकने में पुलिस को सफलता मिली है। मौके से दो तस्करों को अरेस्ट कर 9 करोड़ कीमत की नशीली दवा जब्त की गई है। करीमगंज पुलिस और बीएसएफ-जी शाखा, करीमगंज ने संयुक्त अभियान चलाकर 30 हजार नशीली याबा गोलियां जब्त कीं। संयुक्त सुरक्षा दल ने प्रतिबंधित पदार्थ ले जाने वाले दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। बरामद की गई नशीली दवा की कीमत नौ करोड़ रुपये मूल्य बताई गई है।


Our vision a Healthy World
Golden opportunity to join hands with fastest growing pharmaceutical company having widest range of products.
750 + Products

Awarded as Best Pharma Company for Innovative Marketing Practices in Madhya Pradesh by Bollywood Actress Smt. Sonam Kapoor

Awarded as Excellent Marketing Services for Pharma & Healthcare by Shri Mansukh L. Mandaviya (Union Minister of chemical & fertilizers)
New Generation Molecules
Tablets | Capsules | Ointment/Gel | Sun Screen
Shampoo | Face Wash | Dusting Powder | Mouth Wash
Dry Syrup/Syrup/Suspension | Injectable | Protein Powder
Sachet | Softgel Capsule
Brand promotional inputs available like :
Visual-Aids | Leaflet & Pads | Product Glossary
Gifts | Reminder Cards | Visiting Card
Bags | Catch Cover
OVER 1200 SATISFIED CUSTOMER
All Brands are Trademark | International Standard Packing
Super Franchises/Franchisee/Promoters with sound financial background & pharma selling experience are welcome for distribution rights on monopoly basis for unrepresented areas, please contact to our Corporate Office
Our Divisions :
abc American Biocare (General Products) | WELLSBURG (General Products) | Solacia (Derma Products) | Solacia (Cardiac & Diabetic Products) | GOIND (Ayurvedic Products)
(AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED CO.)
R.C. B NO. 2, ROOM NO. 15, CHEMBUR COLONY, CHEMBUR, MUMBAI-400074
OVERSEAS OFFICE : PARK DRIVE,MELVILLE, NEW YORK - 11747 U.S.A
CORPORATE OFFICE :
American Biocare, "Maa Sharda Niwas" 266 - Napier Town, Near Bhawartal Garden, JABALPUR - 482001 (M.P.)
Phone : +91-761-2450887 Mobile : 09479638088, 09424698888
E-MAIL : americanbiocare@gmail.com Visit us at : www.americanbiocare.in, www.americanbiocare.co.in


## दवा लाइसेंस नहीं दिखा पाया संच. ालक, मेडिकल स्टोर सील

**हलसी:** दवा लाइसेंस नहीं दिखा पाने पर एक मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर ने हलसी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र स्थित बुद्धा सेवा सदन में छापेमारी की। इस दौरान कुछ दवाओं के सैंपल लिए गए तथा दवाइयों को सील कर जब्त कर लिया गया। संचालक द्वारा दवा बिक्री का लाइसेंस नहीं दिखा पाने पर संबंधित मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर दीपक कुमार राम ने बताया कि हलसी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र स्थित बुद्धा सेवा सदन में छापेमारी की थी। इस मौके पर हलसी थाना के एएसआई पिंटू कुमार दल बल के साथ मौजूद रहे। दुकानदार से लाइसेंस मांगा तो वह इसे नहीं दिखा सका। दुकान से कुछ दवाओं के सैंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि दवा दुकानदार को कागजात के साथ कार्यालय बुलाया गया है।

## अल्प्राजोआल्म टेबलेट्स का सप्लायर अरेस्ट

**इंदौर:** अल्प्राजोआल्म टेबलेट्स की खेप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। खजराना पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति से अवैध रूप से तस्करी कर ले जाई जा रही अल्प्राजोलम की 225 टेबलेट जब्त की हैं। खजराना एसीपी कुंदन मंडलोई ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध रूप से लोगों को अल्प्राजोलम टेबलेट की सप्लाई कर रहा है। सूचना के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चेक पोस्ट पर चेकिंग अभियान चलाया और दोपहिया वाहन पर आ रहे खजराना के गांधीग्राम निवासी 30 वर्षीय इमरान उर्फ बच्चा को संदेह के आधार पर रोक लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अल्प्राजोलम की 225 गोलियां बरामद की। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया गया है कि आरोपी इमरान एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में तीन दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वह नशे का आदी भी बताया गया है। गौरतलब है कि अल्प्राजोलम को अलग-अलग व्यापारिक नामों से जाना जाता है। सबसे अधिक निर्धारित मनोदैहिक दवा है। इसके निषेधात्मक, उत्साहवर्धक और चिंताजनक प्रभावों के कारण मनोरंजन प्रयोजनों के लिए इसका दुरुपयोग किया जाता है।

## शुगर और बुखार के इलाज का दावा करने वाली मेडिसिन जब्त

**हैदराबाद:** शुगर और बुखार के इलाज का दवा के लेबल पर भ्रामक दावा करने वाली मेडिसिन जब्त की गई हैं। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन (डीसीए) के अधिकारियों ने बाजार में दवा दुकानों पर दबिश दी। टीम ने कई ऐसी दवाओं की पहचान की है, जिनके लेबल पर भ्रामक दावे किए गए थे। इनमें मधुमेह और बुखार के इलाज का दावा किया गया था। डीसीए ने भ्रामक और आपत्तिजनक विज्ञापनों की पहचान करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया । इस दौरान अधिकारियों ने डायोफिल कैप्सूल का पता लगाया, जो मधुमेह के इलाज का दावा करते हैं। वहीं, बुखार के इलाज का दावा करने वाला कालमेघ पाउडर पकड़ा।

**दवा दुकानों पर छापेमारी :** विकाराबाद जिले के परिगी में एक मेडिकल दुकान पर छापेमारी के दौरान आयुर्वेदिक दवा डियोफिल कैप्सूल का स्टॉक जब्त कर लिया गया। यह दवा हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब में जी लेबोरेटरीज लिमिटेड द्वारा निर्मित है। इसी तरह, आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में विनायक हर्बल्स आयुर्वेदिक फार्मेसी द्वारा निर्मित कालमेघ पाउडर के स्टॉक को सिकंदराबाद के तारनाका में एक मेडिकल स्टोर पर छापे के दौरान जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने आदिलाबाद जिले के दसनापुर गांव में ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर (आरएमपी) के रूप में काम करने वाले एक झोलाछाप डॉक्टर वैकुंठम के परिसर पर भी छापा मारा। वैकुंठम अपने क्लिनिक में उचित योग्यता के बिना चिकित्सा का अभ्यास कर रहा था। अधिकारियों को मौके से बिना ड्रग लाइसेंस के भंडारित दवाओं का बड़ा भंडार मिला। एंटीबायोटिक्स, स्टेरॉयड, एनाल्जेसिक और अल्सर रोधी दवाओं सहित कुल 26 प्रकार की दवाएं पाई गईं। जब्त किए गए स्टॉक की कीमत करीब 20 हजार रुपये है। शुगर और बुखार के इलाज का दवा के लेबल पर भ्रामक दावा करने वाली मेडिसिन जब्त की गई हैं।


SUDHIR GROUP OF COMPANIES
INSPIRING HEALTH SINCE 1963
All India Operation
Golden Chance

Invest In Your own Business
Become Franchisee for any of Our Companies in Vacant Area & Turn White Collar Business man Opportunity to Start New Ventures
We Offer More Than 750 Products
All Kinds of Marketing Inputs are available Like :-
1 Sample of all products available in with book shape expiry,manufacturing & batch.
2 Zero Infiltration by party coding.
3 All products having Trademark
4 MR training for Ethical promotion
5 Marketing support by ASM & RSM
6 All marketing inputs available Latest products,Visual aids, MR.Bags, Literature & visiting cards.
7 All products manufacturing at WHO GMP Certified unit.
Highest ROI in Industries

Here is what we are looking for :
• Sales/marketing background professionals with D.L.
• A Burning desire to enter into pharma marketing/sales.
• Self-motivated individual with High level of interpersonal skills.
• A keen interest in starting their own business by investing to earn.
• Can afford to invest in business.
All India Presence with 400 Existing Franchisees, Strong Network & reliable chain.
AccilexNutricorp | Accilex Dicard | AccilexHospicare | SPRANZA VITA WELLNESS | SPRANZA VITA PHARMACEUTICAL LLP | Orrin PHARMA LLP | MOHIT SURGICALS & POLYCHEM PVT. LTD | SPRANZA VITA SURGICALS
CONTACT US : +91 9424417000, +91 7400717000, +918871307000
Info@sudhirlifesciences.com care@accilexnutricorp.com


## ऑस्ट्रेलिया मे नए कानून लागू होने के बाद फार्मेसियों को वेप बिक्री प्रतिबंधित

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया में नए वेपिंग नियम लागू हुए, जिसके तहत युवाओं में वेपिंग पर लगाम लगाने के लिए ई-सिगरेट को फार्मेसी काउंटरों के पीछे रखा गया, हालांकि विरोधियों ने सरकार को सख्त प्रतिबंध वापस लेने के लिए मजबूर किया। पिछले सप्ताह पारित किए गए कानून, वेप की बिक्री को फार्मेसियों तक सीमित कर देंगे और ग्राहकों को वेप खरीदने से पहले फार्मासिस्ट से बात करने की आवश्यकता होगी। 18 वर्ष से कम आयु वालों को प्रिस्क्रिप्शन की आवश्यकता होगी। सत्तारूढ़ लेबर पार्टी को एक व्यापक योजना को कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसमें मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन वाले लोगों को बिक्री सीमित करनी थी, क्योंकि ग्रीन्स सीनेटरों के विरोध के कारण यह चिंता थी कि इससे धूम्रपान छोड़ने की चाह रखने वालों की पहुंच सीमित हो जाएगी और स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव पड़ेगा। लेकिन अंतिम समय में किए गए समझौते को लागू करने में तीन महीने की देरी का मतलब है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को अक्टूबर तक प्रिस्क्रिप्शन की आवश्यकता होगी।


APS
A Name Synonym With...
Topmost Quality & Time Bound Deliveries

WHO-GMP & ISO 9001 CERTIFIED COMPANY
THIRD PARTY MANUFACTURING FACILITIES AVAILABLE WITH SPARE CAPACITY
TABLETS | CAPSULES | ORAL LIQUIDS | BETALACTAM & NON-BETALACTAM | OINTMENTS & LOTION | Dry syrup
PREMIUM BRANDS
INVITES FRANCHISEE / DISTRIBUTORS / SALES PROMOTERS FOR UNREPRESENTED AREA
More than 100 Brands
Attractive Packing in Blister / Alu - Alu / Strip
Full promotional Support
Visual- Aids
Catch-Cover
DOTY Drotaverine HCl
FERROGOLD | PEPZIT Pepsin & Fungal Diastase | BICY-5 Bisoprolol Fumarate | APSOWIN Phenylephrine HCl & Bromhexine HCl
Apsonim-SP Aceclofenac, Paracetamol & Serratiopeptidase | RABIK DSR Rabeprazol + Domperidone | APSTEL Telmisartan | CLAFY-O Cefixime & Ofloxacin
PSYCOPIR Piracetam | Appride-M1 Glimepiride & Metformin HCl | HEPTRILIN Trichoine & Cyproheptadine HCl | LV-FLEX Levofloxacin
WHO-GMP CERTIFIED
CGPP FOR DOMESTIC & EXPORTS
PLEASE CONTACT :
APS BIOTECH PVT LTD
Plot No. 21, Raipur, Bhagwanpur, Roorkee- 247661 (Uttarakhand)
Mob.:- 06395947077, 09719311088, 09719411089
E-mail : apsbiotech@rediffmail.com, apsroorkee@yahoo.com
Website : www.apsbiotech.in

Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 8









## मेडिकल स्टोर पर रेड, ज्यादा कीमत वाली कैंसर रोधी दवा जब्त

**हैदराबाद:** मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर लेबल पर ज्यादा कीमत लिखी गई कैंसर रोधी दवाइयां जब्त करने में सफलता मिली है। यह कार्रवाई ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों ने करीमनगर स्थित मेडिकल दुकान पर की। जांच के दौरान डैकाजी 500 इंजेक्शन (डकारबाजनि इंजेक्शन आईपी 500 मिलीग्राम) जब्त किए गए।

डैकाजी 500 इंजेक्शन ब्रांड नाम के तहत बेचा जाने वाला उत्पाद डकारबाजनि इंजेक्शन 500 मिलीग्राम औषधि मूल्य नियंत्रण के अंतर्गत है। उत्पाद डैकाजी 500 इंजेक्शन (डकारबाजनि इंजेक्शन आईपी 500 मिलीग्राम) बैच नंबर 323-294, एमएफजी है। इसे जी लेबोरेटरीज लिमिटेड, पोंटा साहिब, हिमाचल प्रदेश, में बनाया गया है। उत्पाद के लेबल पर एक शीशी (इंजेक्शन) के लिए 1,250/- रुपये अंकित हैं, जोकि औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 का उल्लंघन है। केंद्र सरकार द्वारा इसके एक इंजेक्शन के लिए निर्धारित अधिकतम कीमत 518.79 रुपये तय है। इसलिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) यानी 12 प्रतिशत जीएसटी सहित रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। एक इंजेक्शन के लिए कुल कीमत 581/- (एमआरपी=अधिकतम कीमत+जीएसटी) फर्म ने इस इंजेक्शन के लिए अधिक कीमत वसूली। कंपनी ने प्रत्येक इंजेक्शन के लिए 668.95/- रुपए अधिक देना होगा। फिलहाल मामले में जांच जारी है।

## औषधि विभाग की मेडिकल स्टोर पर रेड, संचालन पर लगाई रोक

**मधुबनी (बिहार):** औषधि विभाग की टीम ने मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर जांच के बाद इसके संचालन पर 20 दिनों के लिए रोक लगा दी है। क्षेत्रीय अपर निदेशक एवं विसर्जन के निर्देश पर औषधि निरीक्षक निशी एल टोपनो एवं संगीता ने लदनियां प्रखंड के गाढा स्थित शिवम मेडिकल हाल पर छापेमारी की। दवा दुकान संचालक को दवा के क्रय-विक्रय पर 20 दिनों के लिए रोक लगा दी है। बता दें कि गाढा निवासी अशोक यादव ने शिवम मेडिकल स्टोर के संचालक पर अवैध दवा की बिक्री का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया था। इसके चलते आरएडीडी ने मामले की जांच औषधि निरीक्षक को सौंपी। डीआई निशी एल टोपनो ने शिवम दवा दुकान पर दबिश दी और संचालक से क्रय विक्रय के दस्तावेज मांगे। मेडिकल स्टोर संचालक इसे दिखा पाने में असमर्थ रहा। इसके चलते मेडिकल स्टोर से एक्सपेक्ट-डी का सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेट्री भेजा गया है। मेडिकल स्टोर को आगामी 20 दिनों के लिए बंद करवा दिया गया है। छापेमारी की जांच रिपोर्ट संबंधित पदाधिकारी को सौंप दी गई है। सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## ब्लैक फंगस के इलाज में कारगर होगी ये सस्ती दवा

**लखनऊ:** ब्लैक फंगस के जैसे जटिल संक्रमण के इलाज के लिए अब एक सस्ती दवा इजाद कर ली गई है। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ने मात्र 30 रुपये की गोली से ब्लैक फंगस के रोग को ठीक करने में सफलता पाई है।

**इट्राकोनाजोल नामक दवा कारगत साबित :** आंखों के ब्लैक फंगस संक्रमण के इलाज में इट्राकोनाजोल नामक दवा कारगर साबित हुई है। इस कारण केजीएमयू के इस सफल शोध के बाद जर्नल स्प्रिंगर ने इसे प्रकाशित कर इसको मान्यता दी है। केजीएमयू संक्रामक रोग के चीफ डॉक्टर डी. हिमांशु ने बताया कि कोविड के दौरान जब कोरोना मरीज का ट्रीटमेंट होता था तो उसके उपरांत ब्लैक फंगस जैसी आंखों में बीमारी हो जाती थी। दरअसल, महामारी में मानव जीवन बचाने के लिए स्टेरॉइड का भी प्रयोग किया जाता था। इससे आंखो में ब्लैक फंगस होने लगते थे। बता दें कि यह कोई नई बीमारी नहीं है और इसके इलाज के लिए एम्फोटेरिसिन बी इंजेक्शन इस्तेमाल में लाया जाता था। इस इंजेक्शन की कीमत लगभग दो हजार रुपये है। इसके अलावा, दो और दवाएं भी बाजार में हैं, जिनमें पोसाकोनाजोल और इसावुकोनोजोल के नाम शामिल हैं। पोसाकोनाजोल टैबलेट 450 रुपये तक आती है। वहीं इसावुकोनोजोल की एक गोली बहुत महंगी है। इसकी कीमत 5800 रुपये के आसपास है। डॉ हिमांशु ने बताया कि रिसर्च के वक्त फंगल इंफेक्शन के मरीज को इट्राकोनाजोल दवा छह महीने दो-दो गोली रोज खाने के लिए दी गई। इसमें आश्चर्यजनक नतीजे सामने आए और मरीज की आंख में मौजूद ब्लैक फंगस बीमारी पूरी तरह से ठीक हो गई।

## नशीली दवा याबा टैब की 32.53 करोड़ की तस्करी पकड़ी

**आइजोल:** नशीली दवा याबा टैब की 32.53 करोड़ की तस्करी को रोकने में पुलिस को सफलता मिली है। वहीं, महिला समेत दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि नशीली दवा तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने सीमावर्ती चम्फाई जिले से आइजोल जा रही एक बोलेरो कार को रोका। कार की तलाशी ली गई और 32.11 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की नशीली 10,70,600 मेथमफेटामाइन गोलियां बरामद कीं। 115.55 किलोग्राम मेथाम्फेटामाइन गोलियां (जिन्हें याबा टैबलेट या पार्टी टैबलेट भी कहा जाता है) 106 पैकेटों में रखी गई थीं। कार मालिक लालरिन्टलुआंगा (50) खुद कार चला रहा था। आरोपी ने पुलिस के सामने स्वीकारा कि उसने म्यांमार के तस्करों की मदद से सीमा पार से ड्रग्स मंगवाई थी। गौरतलब है कि मेथाम्फेटामाइन गोलियों में मेथाम्फेटामाइन और कैफीन का मिश्रण होता है और भारत के अलावा पड़ोसी देशों में उच्च खुराक वाली दवाओं के रूप में इनका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जाता है।

## फार्मा कंपनी पर लगा 30 हजार रुपये का जुर्माना, ये है कारण

**रामबन:** फार्मा कंपनी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाए जाने का मामला सामने आया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) वरुणजीत सिंह ने जिले में संचालित एक फार्मा कंपनी पर यह जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत की गई है। गलत ब्रांड वाले इंस्टा सी का निर्माण करने के लिए केन्नॉन हेल्थकेयर सरना डुंगर, जयपुर नामक स्वास्थ्यपूरक कंपनी सहित व्यापारियों के खिलाफ जुर्माना लगाया गया है।










## मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, नकली और एक्सपायरी दवाओं की जांच

**बलिया:** मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर नकली और एक्सपायरी दवाओं की जांच की गई है। औषधि निरीक्षक की टीम ने रतसर बाजार में दबिश दी और दो मेडिकल स्टोरों से 6 दवाओं के सैंपल लिए। इनके अलावा, तीन और दवा दुकानों का निरीक्षण किया । छापेमारी की सूचना से बाजार में कई मेडिकल स्टोर संचालक अपने शटर गिराकर चले गए।

औषधि निरीक्षक सिद्धेश्वर शुक्ला ने बताया कि नकली और एक्सपायरी दवाओं की बिक्री की शिकायत मिली थी। इसके चलते कई दवा दुकानों पर निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि नेशनल दवा केंद्र और न्यू मेडिसिन सेंटर से तीन-तीन दवाओं के सैंपल लिए गए। इसके अलावा मुन्ना मेडिकल स्टोर, न्यू दवा संगम व नेशनल मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। सभी मेडिकल स्टोरों के काग. जातों, दवाओं की खरीद-बिक्री, स्टॉक रजिस्टर आदि कागजातों का निरीक्षण किया गया। दवाओं को स्टॉक व खरीद पर्चा से मिलान किया गया। उन्होंने बताया कि सभी सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। इनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी दवा दुकानदारों को हिदायत दी कि वे अपने-अपने स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरा लगवा लें ताकि वक्त पर इसका इस्तेमाल किया जा सके।

## नशीली दवा की खरीद-फरोख्त का भंडाफोड़

**डेराबस्सी:** नशीली दवा की खरीद फरोख्त का भंडाफोड़, पुलिस ने दबिश देकर मौके से दो दर्जन लोगों को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया। मुबारकपुर पुलिस ने त्रिवेदी कैंप गांव में नशीली दवाएं बेचने के संदेह में टेहा बस्ती में जाकर दबिश दी। पुलिस ने पूरी कॉलोनी को घेर लिया और हर घर की तलाशी ली। वहां बाहर से आए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

थाना प्रभारी सतनाम सिंह ने बताया कि टेहा बस्ती में नशीली दवाएं बेचने की शिकायत मिली थी। बताया गया था कि यहां दूर-दूर से लोग नशीली दवा खरीदने आते हैं। इस के चलते पुलिस ने भारी संख्या में पूरी बस्ती को घेर लिया। इसी बीच कॉलोनी में भगदड़ मच गई। पुलिस ने शक के आधार पर करीब दो दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें कुछ बाहर के युवक-युवतियां भी शामिल हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि हिरासत में लिए लोगों से पुलिस पूछताछ में जुटी है। अगर कोई नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त में दोषी मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## प्रतिबंधित दवा अल्फा जोल्म की तस्करी पकड़ी

**इंदौर।** प्रतिबंधित दवा का जखीरा बरामद करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। खजराना पुलिस ने चैकिंग के दौरान स्टार चौराहा पर एक गाड़ी को रोका। तलाशी लेने पर गाड़ी से प्रतिबंधित दवा अल्फा जोल्म की करीब 225 टैबलेट बरामद की गई। दवा के साथ आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि आरोपी युवक राजस्थान से प्रतिबंधित दवाइयां लाया था। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने में जुटी हुई है और आरोपी की निशानदेही पर कुछ और आरोपियों को पकडने की योजना बना रही है।

खजराना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी इमरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवा अल्फा जोल्म लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने खजराना थाना क्षेत्र के स्टार चौराहे पर एक वाहन को संदेह के आधार पर रोका। वाहन की तलाशी ली गई तो गाड़ी में छिपाकर बनाए गए 1 बॉक्स में करीब 225 अल्फा जोल्म की टैबलेट मिली। आरोपी युवक से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह राजस्थान के कुछ ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिबंधित दवाइयां को लेकर इंदौर आ रहा था।

## ईसाई और बायोजेन ने अल्जाइमर की दवा लेकेम्बी लॉन्च की

**लंदन:** ईसाई और बायोजेन ने कहा कि उन्होंने चीन में अल्जाइमर के इलाज के लिए अपनी दवा लेकेम्बी लॉन्च की है। चीन अमेरिका और जापान के बाद तीसरा देश है। लेकेम्बी, जो मस्तिष्क से बीटा एमिलॉयड नामक विषैले प्रोटीन को हटाकर काम करता है, अल्जाइमर के इलाज का पहला ऐसा तरीका है जो घातक, मस्तिष्क को बर्बाद करने वाली बीमारी के पाठ्यक्रम को बदलने में कारगर साबित हुआ है। कंपनियों ने एक बयान में कहा कि दवा को सबसे पहले निजी बाजार में 200 मिलीग्राम की शीशी के लिए 2,508 युआन (+345.04) में लॉन्च किया जाएगा। कंपनियों ने बीमाकर्ता का नाम बताए बिना कहा कि ईसाई ने दवा की लागत के आंशिक कवरेज की योजना बनाने के लिए एक प्रमुख चीनी चिकित्सा बीमा फर्म के साथ भी सहयोग किया है।

## ऑर्किड फार्मा ने भारत भर में नए एंटीबायोटिक्स के वितरण के लिए सिप्ला के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार ऑर्किड फार्मा लिमिटेड ने कहा कि उसने भारत में अपनी नई एंटीबायोटिक सेफेपाइम-एनमेटाजोबैक्टम के लॉन्च और वितरण के लिए सिप्ला के साथ साझेदारी की है। ऑर्किड फार्मा ने एक बयान में कहा कि कंपनी की नई दवा-सेफेपाइम-एनमेटाजोबैक्टम-को जटिल मूत्र पथ के संक्रमण (सीयूटीआई), अस्पताल में होने वाले निमोनिया (एचएपी) और वेंटिलेटर से जुड़े निमोनिया (वीएपी) के लक्षणों के इलाज के लिए मंजूरी दी गई है। यह साझेदारी ऑर्किड की अभिनव दवा विकास क्षमताओं को सिप्ला के व्यापक वितरण नेटवर्क और बाजार में मौजूदगी के साथ जोड़ती है। कंपनी ने कहा कि इस सहयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह जीवन रक्षक दवा भारत भर में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तक जल्दी और कुशलता से पहुंचे। ऑर्किड फार्मा के प्रबंध निदेशक मनीष धानुका ने कहा कि इन संकेतों के उपचार के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली मौजूदा दवाओं जैसे कि सीयूटीआई के लिए पाइप. रसिलिन-टैजोबैक्टम के प्रति बढ़ते प्रतिरोध के कारण डॉक्टरों को कार्बापेनेम्स का उपयोग शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा-एक आरक्षित दवा जिसका उपयोग तब किया जाता है जब अधिकांश अन्य दवाएं काम नहीं करती हैं। उन्होंने कहा, अब, ऑर्किड के सेफेपाइम-एनमेटाजोबैक्टम से डॉक्टरों को कार्बापेनेम्स को छोड़ने की अनुमति मिलेगी, जिससे उनके उपयोग को सीमित करके उनके प्रभावी जीवन को बढ़ाया जा सकेगा।

## लाइसेंस के बिना चल रहा मेडिकल स्टोर सील

**रायबरेली:** लाइसेंस के बिना चल रहे एक मेडिकल स्टोर को सील करने का मामला प्राकश में आया है। टीम ने स्टोर पर 30 हजार रुपये कीमत की दवाइयां सीज कर दी हैं। जिले के परशदेपुर-अमेठी मार्ग पर मटियारा चौराहा पर बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर ने दबिश दी। विरोध करने पर डीह व परशदेपुर चौकी पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। औषधि विभाग की टीम ने 30 हजार रुपये कीमत की दवाओं की सीज कर दिया है। इसके अलावा, मौके से चार संदिग्ध दवाओं के सैंपल भी लिए गए हैं। मेडिकल स्टोर को बंद करा दिया है और संचालक के खिलाफ केस की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। ड्रग इंस्पेक्टर शीवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान आशंका होने पर मटियारा चौराहा पर बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। जिले के परशदेपुर-अमेठी मार्ग पर मटियारा चौराहा पर बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर ने दबिश दी। विरोध करने पर डीह व परशदेपुर चौकी पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा।







Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 10









## नाक स्प्रे को मिली मंजूरी

**लंदन:** प्राप्त समाचार के अनुसार एआरएस फार्मास्यूटिकल्स ने कहा कि यूरोपीय दवा एजेंसी (ईएमए) ने एलर्जी प्रतिक्रियाओं के लिए अपने सुई–रहित आपातकालीन उपचार, यूरेनफी को मंजूरी देने की सिफारिश की है। नाक स्प्रे यूरेनफी को एपिपेन और अन्य ऑटोइंजेक्टर के विकल्प के रूप में देखा जाता है जो एपिनेफ्रीन से भरे होते हैं, जो एनाफिलैक्सिस और अन्य एलर्जी प्रतिक्रियाओं के जोखिम वाले लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक जीवन रक्षक दवा है। पिछले साल अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने स्प्रे को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था, यह निर्णय उसके सलाहकार पैनल की सिफारिश के विपरीत था, क्योंकि एजेंसी ने प्रतिद्वंद्वी इंजेक्शन उत्पाद बनाम उपचार के दोहराए गए खुराक अध्ययन की मांग की थी। फरवरी में कंपनी ने कहा कि दवा की बार–बार खुराक लेने पर फार्माकोकाइनेटिक और फार्मोडायनामिक प्रोफाइल एपिनेफ्रिन इंजेक्शन से ज्यादा या उसके समान दिखाई देती है। फार्माकोकाइनेटिक्स एक माप है कि शरीर दवा के साथ कैसे इंटरैक्ट करता है और फार्माकोडायनामिक्स शरीर पर दवा का प्रभाव है। FDA फिर से नेजल स्प्रे की समीक्षा करेगा और 2 अक्टूबर तक इसकी मंजूरी पर फैसला करने की उम्मीद है। विलियम ब्लेयर के विश्लेषक टिम लूगो ने कहा कि EU की सिफारिश FDA की मंजूरी के लिए अच्छी है। मरीज वकालत करने वाले समूह EU मंजूरी का इस्तेमाल FDA पर दबाव डालने के लिए करेंगे कि वह फैसला लेने की तारीख से पहले नेजल स्प्रे को मंजूरी दे।

## प्रतिबंधित नशीली दवा के साथ तस्कर काबू, भेजा जेल

**रक्सौल:** प्रतिबंधित नशीली दवा की बड़ी खेप के साथ पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ा है। हरैया थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह के अनुसार नशीली दवा की तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने परेउआ रेल फाटक के पास छापेमारी करके एक तस्कर रोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की तलाशी में 360 शीशी प्रतिबंधित नशीली दवा कफ सिरप मिली है। पुलिस रेल फाटक के पास संदिग्ध लोगों पर नजर रखे हुए थी।

## एफडीए इंस्पेक्टर और मेडिकल शॉप मालिक ₹1 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मुंबई:** पालघर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की एक महिला औषधि निरीक्षक आरती कांबली और नालासोपारा के एक मेडिकल दुकान के मालिक कृष्णकुमार तिवारी को शिकायतकर्ता, एक मेडिकल स्टोर के मालिक से 1 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जब तिवारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए तो उन्होंने कांबली का नाम लिया। पालघर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मोरेगांव, नालासोपारा (पूर्व) में तिवारी के दुर्गा मेडिकल स्टोर के बाहर जाल बिछाया, जहां शिकायतकर्ता को नकदी पहुंचाने के लिए कहा गया। 14 जून को कांबली नाला. सोपारा में 32 वर्षीय शिकायतकर्ता के मेडिकल स्टोर पर गए थे।

## 36% दवा निर्माण इकाइयों को करना पड़ा बंद

**बेंगलुरु:** भारत में पिछले साल से निरीक्षण की गई 400 दवा निर्माण इकाइयों में से 36 प्रतिशत से अधिक को बंद करने का आदेश दिया गया है, देश के दवा नियामक ने गुरुवार को कहा, घटिया कफ सिरप से जुड़ी मौतों के बाद जांच में वृद्धि हुई है। देश, जिसे अपने द्वारा उत्पादित दवाओं की मात्रा के कारण दुनिया की फार्मेसी माना जाता है, गाम्बिया, उज्बेकिस्तान और कैमरून में बच्चों की मौतों से भारत में निर्मित कफ सिरप जुड़े होने के बाद विश्वास बहाल करने के लिए काम कर रहा है। भारत के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) के प्रमुख राजीव रघुवंशी ने कहा कि डेढ़ साल के निरीक्षण के बाद, उन्हें यह कहते हुए बहुत खुशी नहीं हो रही है कि उनमें से 36 प्रतिशत से अधिक (निर्माण इकाइयाँ) बंद होनी पड़ीं। मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारतीय फार्मा उद्योग में समस्याएं गैर–अनुपालन से संबंधित हैं, जिसके कारण गुणवत्ता संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। उन्होंने किसी कंपनी का नाम या विस्तृत विवरण नहीं दिया। भारत और इंडोनेशिया में बने कफ सिरप को दुनिया भर में 300 से अधिक बच्चों की मौत का कारण माना गया है। इन दवाओं में दो ज्ञात विषाक्त पदार्थों, डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल का उच्च स्तर पाया गया, जिससे किडनी में गंभीर चोट और मृत्यु हो सकती है। संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा दवा निर्माता है।

## भारत 2026 में मधुमेह और मोटापे की दवा निर्माताओं को प्रोत्साहन देने की योजना बना रहा है

**बेंगलुरु:** भारत 2026 में मधुमेह और मोटापे के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली जीएलपी–1 दवाओं के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन देने की योजना बना रहा है, एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा। जीएलपी–1 दवाएं, जिन्हें मूल रूप से मधुमेह के इलाज के लिए मंजूरी दी गई थी, मोटापे के इलाज के लिए भी व्यापक रूप से इस्तेमाल की जा रही हैं क्योंकि वे पाचन को धीमा करती हैं, जिससे रोगियों को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि डेनमार्क की दवा निर्माता कंपनी नोवो नॉर्डिस्क का सेमाग्लूटाइड पर पेटेंट–एक जीएलपी–1 एगोनिस्ट और इसकी बेहद लोकप्रिय मोटापे की दवा वेगोवी और मधुमेह की दवा ओजेम्पिक में प्रमुख घटक–2026 में भारत में समाप्त होने वाला है। फार्मास्युटिकल्स विभाग के सचिव अरुणिश चावला ने रॉयटर्स को बताया, जीएलपी–1 दवाओं का निर्माण करने वाली (योजना बनाने वाली) (भारतीय) कंपनियों ने सरकार की उत्पादन–लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए आवेदन किया है। चावला ने इन कंपनियों के नाम बताए बिना कहा, पेटेंट की अवधि समाप्त होने के बाद 2026 में जब वे उत्पादन शुरू करेंगे, तो हम उन्हें प्रोत्साहन देंगे। दुनिया भर के दवा निर्माता वजन घटाने वाली दवाओं के बाजार का एक हिस्सा हथियाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके दशक के अंत तक कम से कम 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत में मोटापे की दर बहुत अधिक है, खासकर महिलाओं में, और टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित लोगों की संख्या दुनिया में दूसरे नंबर पर है। वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन एटलस के अनुसार, 2035 तक लगभग 11% भारतीय वयस्क मोटे हो जाएंगे।









## दादासीबा अस्पताल को 100 बिस्तरों की सुविधा में अपग्रेड किया जाएगा: सीएम सुखू

**कांगड़ा:** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सिविल अस्पताल डाडासीबा के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में अस्पताल को 50 बिस्तरों की क्षमता वाला बनाया जाएगा और उसके बाद दूसरे चरण में इसे 100 बिस्तरों वाला बनाया जाएगा। जसवां क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में अस्पताल के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने आश्वा. सन दिया कि सभी कमियों को दूर किया जाएगा। सुखू ने कहा, निर्माण का लगभग 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, शेष काम पूरा करने के लिए 3.61 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है, जिसे राज्य सरकार प्रदान करेगी। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अस्पताल में स्त्री रोग, हड्डी रोग, सर्जरी और एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ-साथ लैब तकनीशियन भी तैनात किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दाद. ासीबा अस्पताल को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान में तब्दील करेगी, स्थानीय स्वास्थ्य सेवा पहुंच में सुधार के लिए उप-मंडल स्तर के अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी। सुखू ने पिछले पांच वर्षों में अस्पताल के निर्माण की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की और काम में तेजी लाने का आह्वान किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। सुखू ने कहा, हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 200 मेडिकल ऑफिसर पदों को सृजित करने और भरने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, राज्य भर के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 22 पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयासों में कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज में आठ आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी पद और चंबा मेडिकल कॉलेज में पांच सहायक प्रोफेसर पद सृजित करना शामिल है, जिससे इन संस्थानों में कार्यात्मक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना में सुविधा होगी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सिविल अस्पताल डाडासीबा के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज में पहली बार शव से किडनी का सफल प्रत्यारोपण किया गया

**गुवाहाटी:** गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) ने अपना पहला कैडेवर किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, जो स्वास्थ्य मंत्री भी हैं, ने कहा कि, ब्रेन डेड मरीज के परिवार के सदस्यों द्वारा ब्रेन डेड मरीज की दो किडनी दान करने के बाद, गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने दो अन्य मरीजों को सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट किया। हम ब्रेन डेड मरीज के परिवार के सदस्यों के बहुत आभारी हैं। जीएमसीएच के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने यहां सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट किया और यह गुवाहाटी के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत में पहला है। किडनी दो अन्य मरीजों को ट्रांसप्लांट की गई। अगर हम ब्रेन डेड मरीजों की किडनी दान करने की संस्कृति शुरू करते हैं तो इससे कई लोगों की जान बच जाएगी, सीएम सरमा ने कहा। उन्होंने आगे कहा, हम गुवाहाटी में लीवर ट्रांसप्लांट करने की भी कोशिश करेंगे। असम के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जीएमसीएच के डॉक्टरों ने आईवीएफ के जरिए एक बच्चे को सफलतापूर्वक जन्म दिया। जीएमसीएच के डॉक्टरों ने 36 भ्रूणों को प्रत्यारोपित किया और 8 महिलाएं गर्भवती थीं और एक सिजेरियन जन्म हुआ। जीएमसीएच में आईवीएफ की लागत लगभग 75,000 रुपये से 1 लाख रुपये है।

## हिमाचल: टांडा मेडिकल कॉलेज में मुफ्त किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी शुरू

**कांगड़ा:** प्राप्त समाचार के अनुसार राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा स्वास्थ्य सुविधाओं में नए आयाम स्थापित कर रहा है और हिमकेयर और आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क उपचार प्रदान करेगा , जिससे सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित होगी, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष आरएस बाली ने घोषणा की। मेडिकल लाइब्रेरी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, एचपीटीडीसी के अध्यक्ष आरएस बाली ने घोषणा की कि टांडा में राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज ने अपना पहला किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक करके स्वास्थ्य सेवा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है , उन्होंने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज के इतिहास में एक नया अध्याय है। टांडा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की समर्पित टीम द्वारा सफल किडनी ट्रांसप्लांट किया गया, जिससे स्थानीय रोगियों को काफी लाभ हुआ, जिन्हें अब ऐसी प्रक्रियाओं के लिए पीजीआई या एम्स जाने की आवश्यकता नहीं है। हिमकेयर और आयुष्मान योजना के तहत यह उपचार निःशुल्क प्रदान किया जाएगा, जिससे सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित होगी। आरएस बाली ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू के अथक प्रयासों की प्रशंसा की, जिनकी निरंतर प्रतिक्रिया और समर्थन इस मील के पत्थर को साकार करने में महत्वपूर्ण थे। उन्होंने पीजीआई के डॉक्टरों को उनके अमूल्य सहयोग के लिए अपना आभार भी व्यक्त किया। किडनी ट्रांसप्लांट सुविधा के अलावा, मेडिकल कॉलेज पहले से ही हार्ट पियर्सिंग और वाल्व ट्रांसप्लांट सेवाएं प्रदान करता है, जो एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को और मजबूत करता है। अगले लक्ष्यों में ओपन-हार्ट सर्जरी और अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर शुरू करना शामिल है, जो उच्च-स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।






Shreenamo Biotech Pvt. Ltd.
Plot No. 86, Sector-IIDC, IIE Sidcul, Haridwar, Uttarakhand - 249403

Contact For Export, Manufacturing & Franchise
Approved Section
Tablets | Capsules | Liquid |
Ointment | Cosmetics | Sachets
We have more than 1500 Approved Molecules
Welcome for small batches, Loan Licence, Third Party Manufacturing, PCD & Export Query from all over India.
Contact No: +91 98106 40074, +91 93126 40074, 01334-297251
Email: salesshreenamo@gmail.com | www.shreenamo.com

ALWAISWIN Pharma India Pvt Ltd
Deals In:- Herbal, Food, Neutraceuticals
Syrup, Injectables, Softgel
Our Company registered Products:

| | | | |
|---|---|---|---|
| Almonx 500 | Orthogard- BP | Alrabe-DSR | Nerviwin-M |
| Almonx Cv625 | Orthogard- NP | Alvit-Grow 16G | Nerviwin150 |
| Almonx LB | Orthogard- MR | Alvit- Active12G | Nerviwin GB |
| Almonx 250 | Orthogard Gel | Alvicof-dx | Nerviwin 300 |

Call Us:-9815003544,7784849000
Franchise Available For Vacant States
Attractive Packings | Third Party Enquiry Also Welcome | Best Quality Products
Head Office:-18-f-Big B Complex Rotary Chowk Baddi (H.P)
G.Mail:- alwaiswinpharma@gmail.com
Our web:-alwaiswinpharma.com

## अस्पताल, क्लीनिक व सरोगेसी क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन कैंसिल

**जयपुर:** अस्पताल व सरोगेसी क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिए गए हैं। यह निर्णय निर्धारित मानकों पर सही नहीं पाए जाने के कारण लिया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में एआरटी एवं सरोगेसी की स्टेट एप्रोप्रिएट अथॉरिटी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न एआरटी बैंक-क्लिनिक एवं सरोगेसी क्लिनिकों के रजिस्ट्रेशन के संबंध में निर्णय लिए गए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि बैठक में 5 एआरटी क्लीनिक निर्धारित मानकों पर सही नहीं पाए जाने के कारण इनका रजिस्ट्रेशन जारी नहीं किए गए। वहीं, 2 एआरटी बैंक, 3 एआरटी लेवल-प्रथम, 2 एआरटी लेवल-द्वितीय को भौतिक निरीक्षण के बाद जांच कमेटी द्वारा उचित पाए जाने पर रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि एआरटी बैंक एवं सरोगेसी क्लिनिकों पर कार्यरत स्टाफ के कार्य छोड़ने, हटाने एवं नए नियुक्त किए जाने के संबंध में एक एडवाजरी जारी की जाएगी। बताया गया है कि प्रदेश में संचालित 28 एआरटी बैंक, 27 एआरटी क्लीनिक लेवल-प्रथम, 22 एआरटी लेवल-द्वितीय एवं 10 सरोगेसी क्लीनिक को निर्धारित शुल्क एवं दस्तावेज ऑथोरिटी के समक्ष जमा नहीं करवाने के कारण इनका आवेदन निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि ईएचसीसी अस्पताल में संचालित रिसा आईवीएफ केन्द्र का रजिस्ट्रेशन न होने के कारण स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ ब्लैकलिस्ट करने का भी निर्णय भी लिया गया है। रिसा आईवीएफ के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक में संयुक्त शासन सचिव प्रीति माथुर, निदेशक परिवार कल्याण डॉ. सुनीत राणावत, अतिरिक्त निदेशक परिवार कल्याण डॉ. के.पी. शर्मा एवं उप शासन सचिव अजय शर्मा उपस्थित रहे।

## खेतान हॉस्पिटल में किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

**जयपुर:** सीकर रोड स्थित खेतान हार्ट एंड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल,जयपुर के चेयरमैन 40 वर्ष से जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने वाले डॉ आर पी खेतान के जन्मदिवस पर स्वेच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ दिविज खेतान ने बताया कि शिविर में कुल 81 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ मुख्य अतिथि राजस्थान की उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी जी, हवामहल विधायक श्री बालमुकुन्दाचार्य हाल ही में मानवाधिकार आयोग के बने।

## स्वास्थ्य विभाग की रेड, अवैध हॉस्पिटल को किया सीज

**कुशीनगर:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हॉस्पिटल को सीज कर दिया है। यह छापेमारी एक महिला की मौत होने की शिकायत मिलने पर डिप्टी सीएमओ कुशीनगर की टीम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ खड्डा स्थित नारायण हॉस्पिटल पर की। अस्पताल में भर्ती मरीज को सीएचसी तुर्कहा भिजवाकर अस्पताल को सीज कर दिया तथा इस दौरान संचालक फरार हो गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुरकहां में सोनी नामक 28 वर्षीय महिला भर्ती थी। उसे चिकित्सक ने अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वहां से रेफर कर दिया। इसी बीच, नारायण हॉस्पिटल के संचालक के दलालों ने उसे बहला-फुसलाकर नारायण हॉस्पिटल खड्डा पर भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर सहित आइजीआरएस मुख्यमंत्री को की। सरकार के आदेश पर सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ एवं नोडल पंजीयन अधिकारी डॉ. राकेश कुमार गुप्ता को नारायण हॉस्पिटल की जांच के लिए भेजा। डिप्टी सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पीएन गुप्ता को साथ लेकर अस्पताल पर छापा मारा। बताया गया कि अस्पताल संचालक मौके से फरार हो गया।

## सन फार्मा ने भारत में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल दवा पेश करने के लिए टेकेडा के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली:** सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसने भारत में एक नई गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल दवा के व्यावसायीकरण के लिए टेकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ लाइसेंसिंग समझौता किया है। मुंबई स्थित दवा कंपनी ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने भारत में 10 और 20 मिलीग्राम की ताकत में वोनोप्रा. जन टैबलेट के व्यावसायीकरण के लिए टेकेडा के साथ एक गैर-अनन्य पेटेंट लाइसेंसिंग समझौता किया है। वोनोप्राजन एक नया, मौखिक रूप से सक्रिय पोटेशियम प्रतिस्पर्धी एसिड अवरोधक (पीसीएबी) है, जिसका उपयोग रिफ्लक्स एसोफैगिटिस और अन्य एसिड पेप्टिक विकारों के इलाज के लिए किया जाता है। सन फार्मा के सीईओ-इंडिया बिजनेस कीर्ति गना. `रकर ने कहा, सन फार्मा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में अग्रणी है और हम टेकेडा से गैर-अनन्य पेटेंट लाइसेंस के तहत भारत में वोनोप्रा. जन को पेश करने के लिए उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि यह साझेदारी रोगियों और स्वास्थ्य सेवा चिकित्सकों को रिफ्लक्स एसोफैगिटिस और अन्य एसिड पेप्टिक विकारों के प्रबंधन के लिए एक नया उपचार विकल्प प्रदान करके गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्वास्थ्य के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज (जीईआरडी) भारत में आम है। यह दवा भारत में वयस्कों में रिफ्लक्स एसोफैगिटिस और अन्य एसिड पेप्टिक विकारों के उपचार के लिए स्वीकृत है।

कर्म ही पूजा है
MEDICAL DARPAN MEDIA HOUSE
All India Circulation
आवश्यकता है
समस्त भारतवर्ष में अपनी इच्छानुसार शहर का चयन कर संवाददाता व विज्ञापन बुकिंग हेतु प्रतिनिधि व ऑफिस हेतु
• ऑफिस स्टाफ • सोशल मीडिया एक्सपर्ट
• कम्प्यूटर ऑपरेटर • आशुलिपिक
• ग्राफिक्स डिजाइनर • रिसेप्शनिस्ट
• अकाउन्टेंट • टेलीकॉलर
• सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर विशेषज्ञ
आय Rs.10,000/- to Rs.25,000/- तक, कार्यानुसार
Send Your Resume & Contact us:
9045029158, 9410434811
medicaldarpanaccount@gmail.com, medicaldarpan.ctp@gmail.com
• मैडीकल दर्पण • Pharma दर्पण
• Pharma News • ADR (A Drug Index)
• medicaldarpan.com • onlinepharmamarket.com
Limca Book of Records Holder
• Soap Museum • Bank of Visiting Cards
Medical Darpan Media House, Pushpanjali Enclave, K.P. Road, Bulandshahr 203001 (UP)

BEST THIRD PARTY INJECTABLES (AMPOULES) MANUFACTURERS COMPANY IN INDIA
SMAYAN HEALTHCARE www.smayan.in

Attractive Packaging
Timely Delivery
Quality Range
For Enquiries Contact:
Smayan Healthcare Pvt. Ltd.
Head Office: SCO - 167, First Floor, Sector - 38 C, Chandigarh, India - 160036
Manufacturing Unit: Plot No. 8-9-26-27, HPSIDC, Industrial Area, Davni, Baddi, District - Solan, (H.P.), 173205
Email: manager@smayan.in, Contact No: +91 - 8591978885 , +91 76967 63030
Soft Gelatin | Injection (Ampoules) | Liquids | Cosmetic | Nasal Spray | Lotions | Ointments | Dusting Powder

Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 13



## ब्लड बैंक में कमीशनखोरी का भंडाफोड़, तीन कर्मचारी हटाए, 11 को नोटिस

**मंडला (मध्य प्रदेश):** ब्लड बैंक में कमीशनखोरी का मामला सामने आया है। इस खेल से जुड़े 3 कर्मचारियों की नौकरी समाप्त कर दी गई है और 11 को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। फिलहाल अस्पताल में सक्रिय ब्लड माफिया गिरोह के सदस्य फरार बताए जा रहे हैं। ब्लड माफिया और ब्लड बैंक कर्मियों के बीच सांठगांठ का मामला सामने आया है। गिरोह के लोग भोले-भाले, गरीब ग्रामीणों से मुफ्त में खून लेते और उसके बदले कर्मचारियों से मिलीभगत कर हजारों रुपये कमाते थे। मोहगांव क्षेत्र का एक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती हुआ। उनको खून की जरूरत पड़ी तो ब्लड माफिया ने इस ग्रामीण से एक यूनिट ब्लड के बदले 34 सौ रुपये ऐंठ लिए। ग्रामीण ने इसकी शिकायत जिला और स्वास्थ्य प्रशासन से की।

**पैथोलॉजिस्ट से जवाब-तलब :** शिकायत मिलने पर जिला और स्वास्थ्य प्रशासन ने मामले की जांच की। जांच में ब्लड बैंक विभाग और खून के दलालों की सांठगांठ उजागर हुई। मुख्य चिकित्सा और जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ब्लड सेंटर की अनुबंधित फर्म सूर्य चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के 3 कर्मचारियों शुभम जंघेला (लैब सुपरवाइजर), दुर्गेश और कमलेश की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। वहीं लैब के नियमित टेक्नीशियन और सहायकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसके अलावा, जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट से भी जवाब तलब किया है।

## जेजे हॉस्पिटल का अल्ट्रासाउंड रिकॉर्ड सील, लगाई रोक

**आगरा:** स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए जेजे हॉस्पिटल आवास विकास पहुंची। यहां अल्ट्रासाउंड फार्म पर डॉक्टर के हस्ताक्षर नहीं थे। टीम ने रिकार्ड सील करते हुए आगामी निर्देश तक अल्ट्रासाउंड पर रोक लगा दी है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। जानकारी अनुसार जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वास्थ्य इकाइयों की जांच में लगी है। इसी क्रम में टीम ने जेजे हॉस्पिटल में दस्तक दी। यहां अल्ट्रासाउंड के फार्म पर मरीज का पूरा विवरण था।

## ऑनलाइन दवा पर नीति नहीं बना पाई सरकार, दिल्ली HC ने दी वार्निंग

**नई दिल्ली:** ऑनलाइन दवा पर निर्धारित समय सीमा में केंद्र सरकार नीति नहीं बना पाई है। इसके चलते दिल्ली HC ने केंद्र सरकार को फटकारा है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को वार्निंग के साथ इस मामले की सुनवाई 3 सितंबर, 2024 को तय की है। दिल्ली स्थित साउथ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अनुसार केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया है कि वह निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के लिए नीति नहीं बना पाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस साल मार्च में सरकार को नीति बनाने के लिए चार महीने का अंतिम अवसर दिया था। कोर्ट ने चेताया था कि केंद्र इसे नहीं कर पाता तो वह इस मामले को मेरिट के आधार पर सुनेगा। केंद्र ने अगस्त 2018 में ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के लिए एक मसौदा अधिसूचना जारी किया था। इसके बाद ये याचिकाएं दायर की गई थीं। याचिकाओं में तर्क दिया गया कि दवाओं और प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री अवैध है और कानून का कोई आदेश नहीं है। दिसंबर 2018 में, दिल्ली हाईकोर्ट ने ई-फार्मेसियों द्वारा दवाओं की ऑनलाइन बिक्री रोकने का आदेश पारित किया था। इसके लिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और फार्मेसी एक्ट, 1948 के तहत अनुमति नहीं थी। मंत्रालय तब से नीति बनाने के लिए समय विस्तार का अनुरोध करता आ रहा है। नवंबर 2023 में, मंत्रालय ने फिर से अधिक समय का अनुरोध करते हुए कहा कि ऑनलाइन दवाओं की बिक्री का विषय जटिल प्रकृति का है। दवाओं की बिक्री के तरीके में कोई भी संशोधन दूरगामी परिणाम होंगे और कई अधिनियमों और नियमों/विनियमों में परिवर्तन शामिल होंगे।




## पांच मेडिसिन के सैंपल जांच में मिले फेल, कंपनियों पर लगा बैन

**जयपुर:** पांच मेडिसिन के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। इसके चलते राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन ने संबंधित कंपनियों पर बैन लगा दिया है। वहीं, 33 दवाओं की सप्लाई नहीं करने पर भी कई फार्मा को प्रतिबंधित किया है। जिन कंपनियों की दवाई जांच में फेल मिली है और दवा की सप्लाई लगातार नहीं की, वे फार्मा कंपनियां दवाओं के आगामी तीन वर्ष तक टेंडर में भाग नहीं ले सकेंगी। दवाओं की गुणवत्ता एवं समय पर सप्लाई सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है। आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि के अनुसार मेडिकल साई पैरेंट्रलस को हेपरिन सोडियम इंजेक्शनए मै. मेडीपोल फार्मास्यूटिकल को एनालाप्रिल मेलियट टेबलेट, मेडिकल मेक्का इंडस्ट्रीज को यूरिन बैग के सैंपल फेल मिल हैं। इन दवाओं की सप्लाई के लिए निश्चित समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसी प्रकार मेडिकल डी.डी. फार्मास्युटिकल्स को एल्प्राजोलम टेबलेट तथा मै. सन लाइफ साइंसेज को सैफूरोक्सिम एक्सेटिल टेबलेट के सैंपल अमानक पाए जाने पर दवाओं की सप्लाई के लिए प्रतिबंधित किया गया है। हर सप्लाई की गई दवा के प्रत्येक बैच की गुणवत्ता जांच निगम द्वारा अनुमोदित लैब में करवाई जाती है। जांच में सही पाए जाने पर ही अस्पतालों में इन दवाओं की सप्लाई की जाती है। उपरोक्त सभी दवाएं निगम की प्रारम्भिक जांच में अमानक मिली हैं। जिन दवाओं की सप्लाई में बाधा आई हैं, उनसे संबंधित 22 दवा फर्मों पर बैन लगा है। इनमें मेसर्स यूनिसुर लाइफकेयर, सेंचुरियन रेमेडीज, डॉ. सर्जिकल, फ्लेक्सीकेयर मेडिकल इंडिया, एफी पैरेंट्रल्स, सनलाइफ साइंस, ओलकेयर लेबोरेटरीज, इंटास फार्मास्यूटिकल्स, थिओन फार्मास्यूटिकल्स, कॉसमास रिसर्च लैब, बीडीआर फार्मास्यूटिकल्स इंटरनेशनल, टेलीफ्लेक्स मेडिकल, एलर्जेन हेल्थकेयर, एडवी केमिकल, एसपी एक्योर लैब्स, अल्वेस हेल्थकेयर, एलायंस बायोटेक, इनोवा कैपटैब, एएनजी लाइफ साइंसेज, स्टैनेक्स ड्रग्स एंड केमिकल्स, जे डंकन हेल्थकेयर, मेडिपोल फार्मास्यूटिकल्स के नाम शामिल हैं।

## अवैध फार्मेसी का भंडाफोड़

**बक्सा (असम):** अवैध फार्मेसी का भंडाफोड़ करने में सफलता मिली है। मौके से 47 प्रकार की दवाइयां भी जब्त की गई हैं। बक्सा जिले के सालबारी उपखंड के गोवर्धन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत भांगरपार बाजार में चल रही एक अवैध फार्मेसी पर छापेमारी की गई। यह कार्रवाई जिला औषधि निरीक्षक ईश्वर चंद्र हजारिका के नेतृत्व में एक टीम ने की। जांच के तहत अनधिकृत रूप से चल रही फार्मेसी को खाली करवाया गया। पता चला कि माजोन अली नामक व्यक्ति इस फार्मेसी को विभागीय लाइसेंस के बिना ही संचालित कर रहा था।




ऊंचाई पर पहुंचना है तो बाज बनो, धोखेबाज नहीं...

## 40 की उम्र के युवा भारतीय वयस्कों में हृदय रोग की बढ़ती घटनाएं

**मुंबई:** हाल के वर्षों में, भारत में युवा आबादी में हृदय रोग की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है , खासकर 40 की उम्र के लोगों में। यह चिंता. जनक प्रवृत्ति न केवल महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों को प्रस्तुत करती है, बल्कि परिवारों और व्यापक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हुए गहरे सामाजिक-आर्थिक निहितार्थ भी लाती है। इसमें, हम इस चिंताजनक वृद्धि में योगदान देने वाले बहुआयामी कारकों पर गहराई से विचार करते हैं और व्यापक प्रारंभिक जांच उपायों को लागू करने के महत्वपूर्ण महत्व पर ध्यान देते हैं। परंपरागत रूप से, हृदय रोग को केवल वृद्ध लोगों को प्रभावित करने वाली स्थिति के रूप में माना जाता है। हालाकि, हाल ही में किए गए शोध ने एक परेशान करने वाले बदलाव की ओर इशारा किया है, जिसमें युवा भारतीयों की बढ़ती संख्या दिल के दौरे और अन्य हृदय संबंधी बीमारियों का सामना कर रही है। इस प्रतिमान परिवर्तन को मुख्य रूप से खराब आहार आदतों, गतिहीन जीवन शैली और बढ़ते तनाव के स्तर की विशेषता वाले जीवनशैली में बदलाव के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। डॉ. तन्मई यरमल (जैन) (कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी) युवा भारतीयों में हृदय रोग में वृद्धि के लिए कई जीवनशैली कारकों को प्रमुख योगदानकर्ताओं के रूप में पहचाना गया है।

**उच्च रक्तचाप :** उच्च रक्तचाप हृदय रोग के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है। यह अक्सर जीवनशैली तत्वों जैसे अत्यधिक नमक का सेवन, मोटापा और अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि से उपजा है। युवा भारतीयों में उच्च रक्तचाप का प्रचलन बढ़ रहा है, जिसमें शहरीकरण और बदलते आहार पैटर्न महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**मधुमेह :** भारत में मधुमेह के प्रचलन में आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है, और यह रोग कम उम्र में प्रकट होता है। मधुमेह हृदय संबंधी रोगों के विकास के जोखिम को काफी बढ़ा देता है, जिसमें दिल का दौरा और स्ट्रोक शामिल हैं। युवा भारतीयों में मधुमेह महामारी में योगदान करने वाले कारकों में गतिहीन जीवन शैली, अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें और आनुवंशिक पूर्वाग्रह शामिल हैं।

**मोटापा :** प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत और गतिहीन जीवनशैली के कारण मोटापे की बढ़ती दरें हृदय रोग की घटना में काफी हद तक योगदान देती हैं। मोटापा न केवल हृदय संबंधी समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है, बल्कि उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसे अन्य जोखिम कारकों को भी बढ़ाता है। शहरीकरण, बदलते खाद्य वातावरण और शारीरिक गतिविधि के स्तर में कमी ने युवा भारतीयों में मोटापे की महामारी में योगदान दिया है। समय से पहले होने वाली हृदय रोग की समस्या स्वास्थ्य के दायरे से परे होती है; इसमें उत्पादक वर्षों का महत्वपूर्ण नुकसान शामिल है। युवा वयस्क, जो अक्सर अपने करियर के शिखर पर होते हैं, विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं।

## होम्योपैथिक इंसुलिन टैबलेट पर की जा रही गलत लेबलिंग

**नई दिल्ली।** होम्योपैथिक इंसुलिन टैबलेट पर गलत लेबलिंग की जा रही है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने होम्योपैथिक दवा इंसुलिन टैबलेट को दिए गए लाइसेंस की समीक्षा की मांग की है। गलत लेबलिंग के लिए राजस्थान स्थित इसके निर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) राजीव सिंह रघुवंशी ने राजस्थान सरकार के औषधि नियंत्रक राजाराम शर्मा को इस संबंध में निर्देश जारी किया था। यह कन्नूर के नेत्र रोग विशेषज्ञ और आरटीआई कार्यकर्ता केवी बाबू की शिकायत पर आधारित है, जो भारतीय चिकित्सा संघ के केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य भी हैं। डीसीजीआई को भेजे गए एक मेल में डॉ. बाबू ने बताया था कि इंसुलिन गोलियों पर लेबलिंग भ्रामक थी। इससे मरीज असली इंसुलिन का उपयोग करना बंद कर सकते हैं और उन्हें लेना शुरू कर सकते हैं।

दरअसल, इन्हें प्राप्त करना अधिक सुविधाजनक है।डीसीजीआई ने पाया कि लेबलिंग ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स का उल्लंघन करती है। इसमें कहा गया है कि किसी भी होम्योपैथिक दवा में एक भी घटक शामिल नहीं है। उसके लेबल पर मालिकाना नाम नहीं होना चाहिए। विवरण अमिट स्याही से मुद्रित होने चाहिए और किसी भी होम्योपैथिक दवा के भीतरी कंटेनर के लेबल पर और कंटेनर को पैक करने वाले हर दूसरे कवर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने चाहिए। यह मामला 13 फरवरी को केंद्रीय आयुष मंत्रालय और बाद में राजस्थान राज्य के अधिकारियों को भेजा गया था। इसके निर्माता भार्गव फाइटोलैब्स ने 3 मई को अपने जवाब में कहा कि यह राजस्थान राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण (एसएलए) द्वारा लाइसेंस प्राप्त दवा है। इस पर डॉ. बाबू ने तर्क दिया कि मुद्दा यह नहीं है कि यह लाइसेंस प्राप्त है या नहीं, बल्कि यह है कि क्या एसएलए द्वारा लेबलिंग को गलत तरीके से अनुमति दी गई थी। इसे ठीक करना उनकी जिम्मेदारी थी। आयुष मंत्रालय ने 19 जून को फिर से राजस्थान के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा। मंत्रालय ने पाया कि निर्माता उत्पाद को इंसुलिन टैबलेट के रूप में ब्रांड नाम के रूप में लेबल कर रहा था।

## प्रदूषण का स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव

वैश्विक स्वास्थ्य के निरंतर विकसित होते परिदृश्य में, प्रदूषण एक मूक लेकिन दुर्जेय शत्रु के रूप में उभरता है, जो मानव स्वास्थ्य पर एक अड़ियल निशान छोड़ता है। जैसा कि हम इस व्यापक जोखिम से जूझ रहे हैं, डेटा स्वास्थ्य पर इसके गहरे प्रभाव को दर्शाता है , खासकर भारत में , जहाँ आँकड़े एक चिंताजनक तस्वीर पेश करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का अनुमान है कि दुनिया भर में 10 में से 9 लोग उच्च स्तर के प्रदूषकों वाली हवा में सांस लेते हैं।

## दवा कंपनी फ्रेंको इंडियन फॉर्मा के खिलाफ जताया विरोध

**धनबाद (झारखंड)।** दवा कंपनी के खिलाफ बीजेएसआरयू ने विरोध जताया है। मुंबई की दवा कंपनी मेसर्स फ्रेंको इंडियन फॉर्मा पर मजदूर विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाया गया है। बिहार-झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन (बीजेएसआरयू) की धनबाद इकाई के सदस्यों ने विरोध-प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि फार्मा कंपनी ने ट्रेड यूनियन के अधिकारों पर हमला किया है। प्रबंधन ने वेतन और व्यय प्रतिपूर्ति की मनमानी कटौती की है। यहां तक कि कंपनी ने कार्यरत सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के बीमार पडने पर छुट्टी नहीं देने, आकस्मिक अवकाश रद्द करने, कॉन्फ्रेंस और ट्रेनिंग प्रोग्राम के कार्यक्रमों में अपमान और उत्पीडन करने जैसे हथकंडे अपनाए हैं। आरोप लगाया गया कि कंपनी ने यातना देने की नीयत से कार्यरत सेल्स रिप्रेजेंटेटिव का दूर-दराज क्षेत्र में तबादला किया।




## सील अस्पताल को खोलकर किया इलाज, अस्पताल संचालक का पिता Arrest

**अंबेडकर नगर:** सील अस्पताल को खोलकर इलाज करने के दौरान महिला मरीज की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रशासन ने अस्पताल संचालक के अलावा उसके भाई व पिता के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज करा दिया है। मामले में अस्पताल संचालक के पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। संबंधित अस्पताल को अब नए सिरे से सील किया है और इस लापरवाही पर रामनगर सीएचसी प्रभारी को ट्रांसफर करने के निर्देश दिए गए हैं। आलापुर में नेशनल हॉस्पिटल को 18 जून को छापेमारी के दौरान सील कर दिया गया था। संचालक के खिलाफ थाने में केस भी दर्ज कराया गया था। हालांकि अस्पताल को सील करने में सिर्फ फर्ज अदायगी निभाई गई। एक कक्ष को ही सील करने के चलते अस्पताल संचालक ने अन्य कक्ष में फिर से अवैध ढंग से संचालन शुरू कर दिया। एक दिन पहले वहां इसौरी नसीरपुर निवासी पिंटू ने अपनी पत्नी रागिनी को प्रसव के लिए भर्ती कराया था।



Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 14



Jaibavvethub Veterinary Divison
Veterinary Products Franchisee opportunity near you.
WHO-GMP & ISO 9001CERTIFIED COMPANY
We offer full range of
INJECTABLES | LOTIONS
BOLUS | OINTMENTS
LIQUID | FEED SUPPLEMENTS
SOAPS | SHAMPOO/SPRAY
At Present we have more than 100 products With Full Monopoly rights.
we are looking Distributors on PCD/Franchise Basis in an un-Represented Area.
brand Promotional Input like-
Visual Aid | Sample catch covers
Visiting Card | Product literature
M.R. Bags | Gifts
For Further Information Please Contact us.
7876254019
jaibavvethub@gmail.com
www.jaibavvethub.com

# फार्मा कंपनी बनेंगी आधुनिक, 60 छोटे दवा निर्माता सरकारी योजना से जुड़े

**नई दिल्ली:** फार्मा कंपनी आधुनिक बनाई जाएंगी। इसके लिए केंद सरकार ने योजना शुरू की है। खास बात ये ही कि सरकार की इस योजना में 60 छोटे दवा निर्माता शामिल हो गए हैं। देश के 60 छोटे दवा निर्माताओं ने वैश्विक अच्छी विनिर्माण प्रथाओं (जीएमपी) के साथ अपनी इकाइयों को आधुनिक बनाने के लिए एक सरकारी योजना में सहमति जताई है। माना जा रहा है कि कई बाहरी देशों में भारतीय कफ सिरप से हुई मौतों के बाद उठने वाले सवालों के चलते यह कदम उठाया गया है।

गौरतलब है कि 2023 के दौरान कई देशों ने आरोप लगाया कि भारत से निर्यात की जाने वाली सर्दी की दवाएं और सिरप जहरीले रसायनों से दूषित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारतीय दवाओं में डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) या एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) की अनुशंसित सुरक्षित सीमा 0.10 प्रतिशत से अधिक होने पर कई अलर्ट जारी किए हैं। इसके चलते केंद्र सरकार ने भारतीय फार्मास्यूटिकल्स को वैश्विक मानकों पर लाने के लिए संबंधित मामलों और विभिन्न पहलों से जुड़ी फर्मों की जांच शुरू की। इस वर्ष मार्च में रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा संशोधित फार्मास्यूटिकल्स प्रौद्योगिकी उन्नयन सहायता योजना या आरपीटीयूएएस की घोषणा की गई थी। इसे मौजूदा फार्मा इकाइयों के आधुनिकीकरण का समर्थन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट द्वारा अनिवार्य संशोधित मानकों का अनुपालन करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। बता दें कि जो 60 कंपनियां इस सरकारी योजना से जुड़ी हैं, उनमें से 30 से अधिक ने पहले ही आरपीटीयूएएस के तहत अपनी सुविधाओं को अपग्रेड करना शुरू कर दिया है। वहीं, सरकार विनिर्माण मानकों को उन्नत करने में इस योजना में भाग लेने के लिए अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहित कर रही है। फार्मा कंपनी आधुनिक बनाई जाएंगी। इसके लिए केंद सरकार ने योजना शुरू की है।

Franchise
Skin Specialist Products
A Fastest Growing Derma Company With Latest Products........
150 Franchisee All India



e-derma
Pharma India Pvt. Ltd.
(An ISO 9001:2015 Certified Company)
More than 200 Products
9034435000, 9034635000
edermapharma@hotmail.com
www.edermapharma.com

## मूल्यों मे विरोधाभास

| | |
|---|---|
| Monocef 1 g | 69.87 |
| Monocef 500mg | 56.31 |
| Monocef 250 mg | 31.74 |
| Monocef 125 mg | 44.50 |




# लेनकापाविर इंजेक्शन देगा HIV संक्रमण से सौ फीसदी सुरक्षा

**नई दिल्ली:** नई दवा को HIV के इलाज में रामबाण माना गया है। क्लीनिकल टेस्ट में पता चला है कि इस दवा का साल में दो बार इंजेक्शन लेने से एचआईवी संक्रमण से सौ फीसदी सुरक्षा मिल सकती है। यह क्लीनिकल टेस्ट दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में व्यापक स्तर पर किया गया है। इस टेस्ट से पता लगाया गया कि क्या नई रोग-निरोधक दवा 'लेनकापाविर' का छह-छह महीने पर इंजेक्शन देने से दो अन्य दवाओं की तुलना में बेहतर लाभ मिलेगा। यह तीन दवाएं 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस' (रोग निरोधक) दवाएं हैं। अन्वेषक, चिकित्सक-वैज्ञानिक लिंडा-गेल बेकर ने बताया कि लेनकापाविर और दो अन्य दवाओं की प्रभावकारिता का परीक्षण पांच हजार प्रतिभागियों पर तीन स्थलों और दक्षिण अफ्रीका में 25 स्थलों पर किया गया। उन्होंने बताया कि लेनकापाविर एचआईवी कैप्सिड में प्रवेश करता है। कैप्सिड एक प्रोटीन शेल है जो एचआईवी की आनुवंशिक सामग्री और प्रतिकृति के लिए आवश्यक एंजाइमों की रक्षा करता है। एचआईवी वैज्ञानिकों ने उम्मीद जताई है कि साल में केवल दो बार यह रोकथाम निर्णय लेने से मुश्किलें कम हो सकती हैं। इस नई दवा का इंजेक्शन लगवाना एचआईवी से दूर रख सकता है।

# The Human Touch: Enhancing Patient Experience in an Increasingly Digital World

The healthcare landscape is undergoing a significant digital transformation. Innovations such as telemedicine consultations and wearable health trackers are revolutionizing the delivery and receipt of care. These technological advancements offer substantial benefits, including increased accessibility, enhanced data collection, and potentially faster diagnoses. For instance, telemedicine has grown by over 150 per cent in recent years, providing critical care to remote and underserved areas. Wearable health trackers, projected to become a $90 billion market by 2027, empower individuals to monitor their health in real time, leading to proactive and preventive care.

Despite these technological strides, it is essential to recognize that healthcare, at its core, remains a deeply human experience. The empathy, compassion, and personal connection between patients and healthcare providers are irreplaceable elements of care. As we continue to integrate advanced technologies into healthcare, maintaining the human touch will be crucial to ensure that patient care remains holistic and empathetic. Balancing technological innovation with the irreplaceable human elements of healthcare will define the future of the industry. As a healthcare professional with over five decades of experience, I firmly believe that technology should augment, not replace, the human touch. While digital tools can streamline processes and provide valuable data, they cannot replicate the empathy, compassion, and reassurance that a patient receives from interacting with a skilled healthcare provider. The nuanced understanding and emotional support that human caregivers offer is integral to the healing process.

Technology, despite its many advantages, lacks the ability to interpret complex human emotions and respond with genuine understanding. Patients often require more than just clinical solutions; they need a comforting presence, someone who can listen to their concerns, and provide emotional support during challenging times. The human touch fosters trust and builds a therapeutic relationship, which is crucial for effective treatment and patient compliance. Furthermore, the clinical intuition developed through years of hands-on experience cannot be entirely replicated by algorithms and artificial intelligence. Subtle cues, such as changes in a patient's demeanour or tone, often signal critical health issues that technology might overlook. Therefore, while embracing technological advancements, we must ensure that they serve to enhance and support the irreplaceable human elements of care, maintaining the holistic approach that lies at the heart of effective healthcare.

# अवैध दवा सप्लायर अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया

**चंडीगढ़:** अवैध दवा सप्लायर अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ करने में पंजाब पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को भारी सफलता हासिल हुई है। पंजाब एसटीएफ को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित फार्मा फैक्ट्री पर छापेमारी की गई। यहां अवैध साइकोट्रोपिक पदार्थों के निर्माण और आपूर्ति इकाइयों के एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि यह पर्दाफाश पूर्व में पकड़े गए दो ड्रग तस्करों की निशानदेही पर किया गया। इन तस्करों के नाम तरनतारन के कोट मुहम्मद खान निवासीसुखविंदर सिंह और अमृतसर के गोविंद नगर के जसप्रीत सिंह हैं। इन दोनों आरोपियों को फरवरी में ब्यास से 4.24 लाख नशीली गोलियां और कैप्सूल और एक लाख रुपये की ड्रग मनी के साथ गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के कब्जे से 70.42 लाख नशीली गोलियां / कैप्सूल, 725 किलोग्राम नशीला ट्रामाडोल पाउडर और 2.37 लाख रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की है। दो ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी के बाद एसपी एसटीएफ विशालजीत सिंह और डीएसपी एसटीएफ वविंदर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से रैकेट के मुख्य सरगना एलेक्स पालीवाल का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

## जुलाई एवं अगस्त माह के व्रत एवं त्यौहार

| | |
|---|---|
| 11.07.2024 | जनसंख्यादिवस |
| 14.07.2024 | देवी पार्वती जयंती |
| 17.07.2024 | एकादशी |
| 20.07.2024 | चौमासी चौदस |
| 21.07.2024 | गुरुपूर्णिमा |
| 29.07.2024 | वाद्यदिवस |
| 02.08.2024 | मासशिवरात्रि |
| 04.08.2024 | फ्रेंडशिपडे |

We can't spell S ccess without 'u'
Plusindia




* GMP and SCHEDULE M Certified Unit
* WHO MANUFACTURING PLANT
* ISO 9001:2015 Certification
PLUSINDIA Group one among 5000 Best MSME IN 2017 & Business Excellence Award Winner in 2018.
BACIPLUS — Each 5 ml oral suspension contains : Bacillus Clausii Spores (UBBC-07) 2 billion spores. Susp
BIONORM — Thyroxine Sodium 12.5/25/50/75/100/125 mg.
FLOCAD — Calcium Dobesilate Monohydrate500mg Cap
PEREZ-100 SR — Nitrofurantoin 100mg Tab.
RIF 200/400 — Rifaximin 200/400mg Tab.
Beulah Biomedics | GENXMEDICA | LIFE CARE | grace PHARMA
Web site : www.plusindia.in Ph: 9440894154/9885500050
E-mail : plusindia2003@yahoo.co.in, plusindia2003@gmail.com

# भारतीय फार्मा बाजार में आया उछाल जून में 8.8 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज

**नई दिल्ली:** भारतीय फार्मा बाजार में शुभ संकेत मिले हैं। बीते माह जून में 8.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मार्केट रिसर्च फर्म फामरैक के अनुसार, इस दौरान सभी प्रमुख थेरेपी में सकारात्मक मूल्य वृद्धि हुई है। श्वसन (19.2 फीसदी) और एंटी-इंफेक्टिव (17.2 फीसदी) जैसे चिकित्सा क्षेत्र के प्रमुख उपचारों में बीते माहजून में दो अंकों की मूल्य वृद्धि देखी गई है। खास चिकित्सा क्षेत्र के मूल्य वृद्धि के बारे में फामरैक की उपाध्यक्ष (वाणिज्यिक) शीतल सपले के अनुसार अधिकतर चिकित्सा क्षेत्रों में सकारात्मक मूल्य वृद्धि हुई है। आमतौर पर दूसरी छमाही में कुछ उपचारों में मौसमी उछाल देखा जाता है और जून के बाद इस साल उच्च वृद्धि दर दिखाई दे रही है। बताया गया है कि नई पेशकश, मूल्य आधारित वृद्धि और मात्रात्मक वृद्धि जैसी आईपीएम की सभी तीन श्रेणियों में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। जून में कुल मूल्य वृद्धि 8.8 फीसदी रही जबकि पिछले साल जून में यह 6 फीसदी थी। कार्डियक, एंटी-इंफेक्टिव, गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल जैसे प्रमुख उपचारों के एमएटी ने क्रमश: 9 फीसदी, 8.7 फीसदी और 8.4 फीसदी की दमदार वृद्धि दर्ज की। ये तीनों चिकित्सा क्षेत्र मिलकर आईपीएम का करीब 38 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। वहीं , घरेलू बाजार में शीर्ष कंपनियों ने मामूली मासिक वृद्धि दर्ज की मगर फोर्ट्स (28.1 फीसदी), एफडीसी (22.2 फीसदी), अरिस्टो (17.7 फीसदी), सिप्ला (16.5 फीसदी) और ग्लेनमार्क (16.4 फीसदी) जैसी कंपनियों ने इस साल जून में आईपीएम की शीर्ष 40 कंपनियों की बीच महत्त्वपूर्ण मासिक वृद्धि दर्ज की है। इस साल जून में जीएसके की एंटीबायोटिक दवा ऑगमेंटिन और यूएसवी की मधुमेहरोधी दवा ग्लाइकोमेट जीपी सबसे ज्यादा बिकने वाले दवा ब्रांड बने। इनकी बिक्री क्रमश: 76 करोड़ और 66 करोड़ रुपये रही।

# एंटीबायोटिक दवा जांच में मिली फेल

**नोएडा:** एंटीबायोटिक दवा जांच में फेल पाई गई है। ड्रग इंस्पेक्टर ने संबंधित दवा कंपनी एमकॉन फार्मास्यूटिकल्स के निदेशक और दो अन्य के खिलाफ पर सीजेएम कोर्ट में केस दर्ज करवाया है। ड्रग इंस्पेक्टर वैभव बब्बर के अनुसार 3 मार्च को सेक्टर-35 मोरना स्थित राज मेडिकल स्टोर से एंटीबायोटिक टैबलेट एजिथ्रोमाइसिन का सैंपल लिया गया था। सैंपल की जांच रिपोर्ट आई है। यह दवा जांच में मानकों पर खरी नहीं उतर सकी। एंटीबायोटिक टैबलेट में क्लेवुलेनिक एसिड की मात्रा केवल 1.27 प्रतिशत मिली, जबकि मात्रा 90 से 107 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए। मामले की जांच के बाद सीजेएम कोर्ट में केस दर्ज कराया गया है।

RISO FOOD & NUTRACEUTICALS
Manufacturers of
Quality Nutraceutical & Ayurvedic Products
Wide range of Syrups, Tablets, Capsules, Sachets, Energy Powders, Oils, Protein Powders and Effervescent Tablets Available
For Manufacturing Related Queries
Call 99960 20790
All types of
Third party Manufacturing Enquires
Own Brand Manufacturing Enquires
Bulk Manufacturing Enquires
Welcome
RISO FOOD & NUTRACEUTICALS
(A Unit of Kim Laboratories Pvt. Ltd.)
Plot No. 28, HSIIDC Phase 1, Saha, Ambala 133 104 (Haryana), India
www.risonutraceuticals.com



## मैडीकल दर्पण मीडिया हाऊस की ओर से जन्मदिन पर ढेर सारी शुभकामनाएं



| | | | |
|---|---|---|---|
| SHRI PRADIP K. SURANA JI | NASHIK | 10/07/1963 | 9422271745 |
| SHRI. MANVIRPAL SINGH JI | BULANDSHAHR | 10/07/1980 | 9758887902 |
| SHRI RAJESH KUMAR JI | AGRA | 10/07/1988 | 8445863900 |
| DR. RANJEET SINGH JI | BULANDSHAHR | 10/07/1994 | 7409646848 |
| SHRI VIRPAL SINGH JI | BULANDSHAHR | 10/07/1980 | 9758887902 |
| SHRI DINESH R. KOTHKAR JI | NASHIK | 11/07/1980 | 982247810 |
| SHRI AMAR KARWA JI | NASHIK | 11/07/1980 | 9822478110 |
| SHRI SHASHIKANT.R DHAMNE JI | NASHIK | 11/07/1971 | 9890177960 |
| SHRI VEERBHAN KEVALRAMANI JI | NAGPUR | 11/07/1974 | 9373294141 |
| SHRI SHASHIKANT P. DHAMNE JI | NASHIK | 11/07/1976 | 9890177960 |
| MR. MAYANK RASTOGI JI | MEERUT | 12/07/1983 | 9897010575 |
| SHRI PRAMOD BANKHELE JI | PUNE | 14/07/1982 | 9890245999 |
| SHRI MEHUL NAYAK JI | PATAN | 15/07/1983 | 990452004 |
| SHRI. NARESH SINGH JI | BULANDSHAHR | 15/07/1975 | 9719677483 |
| SHRI PARAS SHAH JI | SURAT | 15/07/1975 | 9825406233 |
| SHRI. RAGIB JI | BULANDSHAHR | 15/07/1994 | 8958888125 |
| DR. OM PRAKASH SINGH JI | MEERUT | 15/07/1958 | 8791447726 |
| DR. K.P. SHARMA JI | MEERUT | 15/07/1992 | 9084444609 |
| DR. WASIM CHAUHAN JI | MEERUT SOUTH | 16/07/1982 | 9719801951 |
| SHRI JITENDRA PATEL JI | PATAN | 17/07/1973 | 9824667063 |
| MR. MOHIT SINGH JI | MEERUT | 19/07/1987 | 9837955198 |
| SHRI VIPIN KUMAR JAIN JI | AGRA | 20/07/1975 | 9927622298 |
| Dr. SATENDRA SINGH JI | BULANDSHAHR | 20/07/1994 | 8445082809 |
| SHRI ASIF KHAN JI | JALGAON | 20/07/1984 | 9730402053 |
| MOHD. ZAMEEL AHMAD | ALWAR | 21/07/1995 | 9462525467 |
| PUSHKAR CHANDRAKANT PAKHALE JI | JALGAON | 21/07/1988 | 9970311118 |
| SHRI SAGAR D.SALVO JI | NASHIK | 21/07/1991 | 9527590590 |
| SHRI ABHIJIT MITHAPELLI JI | PUNE | 25/07/1981 | 9371015697 |
| SHRI RAJIV BAFNA JI | DHULE | 22/07/1960 | 7276132195 |
| SHRI LALWANI HIMMATBHAI JI | TAPI | 22/07/1971 | 7567945237 |
| DR. AZHAR KHAN MEWATI JI | BULANDSHAHR | 23/07/1987 | 9759633167 |
| SHRI BHARAT PATEL JI | VADODARA | 24/07/1972 | 9825040276 |
| SHRI NARESH KUMAR JAIN JI | ALWAR | 27/07/1980 | 9461231744 |
| SHRI VISHAL MANDAL JI | BULANDSHAHR | 28/07/1997 | 8979296607 |
| SHRI GANESH PUSTODE | BHANDARA | 29/07/1980 | 9422565750 |
| SHRI ATUL NAGJEKAR JI | NAGPUR | 29/07/1976 | 9823044908 |
| M.A.KALADAGI JI | BELGAUM | 30/07/1985 | 8095067848 |
| SHRI SANJAY JAIN JI | JALGAON | 30/07/1966 | 9423520916 |
| SHRI RAJESH K. RAMANI JI | SURAT | 31/07/1972 | 9825519372 |
| SHRI DEEPAK N. PATIL JI | NASHIK | 31/07/1968 | 9422255252 |
| SHRI RAKESH A. KHAIRNAR JI | NASHIK | 31/07/1983 | 9970562732 |
| MR. SANJAY KUMAR JI | MEERUT | 01/08/1974 | 8057345650 |
| SHRI VILAS TELI JI | JALGAON | 01/08/1980 | 9420386427 |
| SHRI SAURABH KANKARIYA JI | NAGPUR | 03/08/1979 | 9595324333 |
| SHRI ANAND KUMAR R.GUNDECHA JI | NASHIK | 04/08/1982 | 9850266771 |
| SHRI. DINESH CHANDRA JI | BULANDSHAHR | 04/08/1965 | 9259379229 |
| MR. SATISH DHAKULKAR JI | AMRAVATI | 04/08/1975 | 9579384017 |
| SHRI NARESH SONI JI | ALWAR | 05/08/1976 | 9929180725 |
| SHRI VINOD JI | SURAT | 06/08/1970 | 9979101595 |
| SHRI SHIVENDRA TYAGI JI | AGRA | 06/08/1984 | 9837745678 |
| SHRI UMESH MAHAJAN JI | JALGAON | 06/08/1979 | 9420384760 |
| MOHD. SABIR | DHAULPUR | 07/08/1980 | 9887589504 |
| SHRI PRASHANT PAGARIYA JI | JALGAON | 07/08/1976 | 9028309597 |
| Smt. RAJNI DEVI JI | BULANDSHAHR | 08/08/1988 | 9720319623 |
| SHRI MUKESH GARG JI | HAPUR | 08/08/1961 | 8171543966 |
| SHRI RUPESH SHAH JI | SURAT | 10/08/1970 | 9879050250 |

## छात्रावास उद्घाटन समारोह में सफल प्रबंधन

**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के विशेषाधिकारी, राजपुरोहित छात्रवास निर्माण में भामाशाहो से पूर्ण सहयोग करवाने वाले योग्य बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कर प्रशाशनिक अधिकारी तैयार करवाने के लिए समर्पित RAS विकास राजपुरोहित ने इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा एवं श्री धर्म फाउंडेशन के महासचिव गब्बर कटारा का साफा दुपट्टा ओर मोमेंटो देकर स्वागत किया ओर बेहतर प्रबंधन करने के लिए आभार जताया। राजपुरोहित समाज द्वारा आयोजित छात्रावास उद्घाटन समारोह में आज राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री, आदरणीय भजनलाल शर्मा जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।




## प्राइवेट हॉस्पिटल का लाइसेंस कैंसिल, अवैध रूप से किया जा रहा था संचालन

**आगरा (उत्तर प्रदेश):** प्राइवेट हॉस्पिटल को अवैध रूप से चलाए जाने पर इसका लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है। प्राइवेट अस्पताल यशवंत हॉस्पिटल के लाइसेंस कैंसिल की कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग ने मंडलायुक्त की ओर से गठित कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर की। गौरतलब है कि एडीए अस्पताल को खाली करने का नोटिस पहले ही दे चुका है। न्यू आगरा निवासी सजनी अग्रवाल की शिकायत पर एडीए ने प्राइवेट यशवंत हॉस्पिटल की जांच की। इसमें भूतल, प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ तल तक बगैर नक्शा पास कराए निर्माण कराने और अवैध रूप से अस्पताल के संचालन का मामला सामने आया।

भवन को सील करने के आदेश दिए गए थे। इसके बाद मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने इसकी जांच के लिए अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल व अपर आयुक्त प्रशासन की विशेष जांच कमेटी का गठन किया। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में शिकायतों को सही पाया। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल का लाइसेंस कैंसिल कर दिया। फिलहाल अस्पताल में नए मरीजों की भर्ती पर रोक लगा दी गई है। तीन दिन के अंदर पहले से भर्ती मरीजों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि तीन दिन में मरीजों को शिफ्ट नहीं करने पर टीम भेजकर कार्रवाई कराई जाएगी। इस बारे में अस्पताल संचालक को नोटिस भी सौंपा है।

## मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे अवैध अस्पताल का भंडाफोड़, किया सील

**बिकानेर:** मेडिकल स्टोर की आड़ लेकर अवैध रूप से चलाए जा रहे अस्पताल का भंडाफोड़ हुआ है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम ने इस अस्पताल को सील कर दिया है। नोखा स्थित मस्जिद चौक में मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध रूप से एक निजी अस्पताल चलाया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम ने सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर दबिश दी। बालाजी मेडिकल एवं जनरल स्टोर के नाम से संचालित निजी क्लीनिक पर आगे मेडिकल स्टोर और पीछे पूरा अस्पताल चलाया जा रहा था।

टीम ने देखा कि अस्पताल में पांच बेड का वार्ड बनाया था और उसमें एक महिला मरीज को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। एक बंद कमरे को खुलवाकर देखा तो अंदर पूरा लेबर रूम बना था। इसमें लेबर टेबल, लेबर उपकरण व अवैध दवाइयां पाई गई। वार्ड में भर्ती मरीज के पास बायो मेडिकल वेस्ट के लिए एक बाल्टी रखी थी। उसमें ग्लूकोज की खाली बोतलें पड़ी थी। महिला मरीज के पास इलाज से संबंधित कोई पर्ची नहीं मिली। न ही अस्पताल में मरीज रजिस्ट्रेशन का रेकॉड व रजिस्टर मिला। टीम ने इस संबंध में अस्पताल में मौजूद महिला संतोष से पूछा, तो उसने बताया कि यह सब डॉक्टर साहब के अधीन हैं। मौके पर कोई डॉक्टर नहीं मिला। टीम ने निजी अस्पताल को बंद करा दिया है। बीसीएमओ डॉ. गहलोत ने बताया कि इस निजी क्लिनिक पर कोरोना काल के समय भी कार्रवाई की गई थी। उस समय यह दूसरे भवन में चौधरी हॉस्पीटल के नाम से चलाया जा रहा था। वहां से बंद करने के बाद बालाजी क्लिनिक एवं जनरल स्टोर के नाम से संचालित किया जाने लगा। अवैध निजी अस्पताल पर कार्रवाई करने वाली टीम में बीसीएमओ डॉ. गहलोत, नायब तहसीलदार नरसिंह टांक, ड्रग इंस्पेक्टर राजेश मीणा, एएनएम सुशीला सहित पुलिस जाब्ता शामिल रहा।

## क्लीनिक पर रेड, 40 लाख की नशीली दवाएं जब्त

**अलवर (राजस्थान):** क्लीनिक पर छापेमारी के दौरान 40 लाख की नशीली दवाएं जब्त की गई है। यह कार्रवाई ड्रग कंट्रोलर टीम और पुलिस ने मिलकर की। बताया गया है कि आरोपी डेंटिस्ट अपने क्लीनिक में स्किन एलर्जी का इलाज करता था। पुलिस ने दो दिन पहले आरोपी डॉक्टर के सप्लायर को दो बैगों में नशीली दवाएं ले जाते गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद ही डॉक्टर के गोदाम से प्रतिबंधित दवाएं और अबॉर्शन किट जब्त की गई। आरोपी डॉक्टर फिलहाल फरार बताया जा रहा है। कोटपूतली बहरोड़ एसपी वंदिता राणा ने बताया कि पांच जुलाई को सुबह चार बजे बहरोड़ पुलिस गश्त पर थी।

इस दौरान पोस्ट ऑफिस के पास एक युवक को दो बैग के साथ रोका और तलाशी ली तो उसमें नशीली दवाएं मिली। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पूछा बहरोड़ निवासी राज सिंह (42) बताया। वह ड्रग्स लेकर कोटपूतली जा रहा था। जहां वह गांव खेडकी वीरभान के रहने वाले डॉ. अविनाश शर्मा पुत्र सुरेश चंद के पास क्लिनिक में काम करता है। उन्हीं के कहने पर वह दवा लेकर जा रहा था। एसपी ने बताया कि राज सिंह से पूछताछ के बाद पुलिस ने ड्रग कंट्रोलर टीम के साथ मिलकर योजना बनाई और विक्रम टॉकीज के पास नैनसुख मोहल्ले में डॉक्टर के गोदाम पर रेड की। गोदाम से करीब 40 लाख रुपए की नशीली दवाइयां बरामद की है। इसमें ट्रामाडोल के एक लाख 21 हजार 104 कैप्सूल, कोडीन कफ सिरप की 21 हजार 214 बोतल, अल्प्राजोलम की 10 हजार 800 टैबलेट मिली। वहीं ड्रग कंट्रोलर टीम के गजानंद कुमावत ने 380 अबॉर्शन किट जब्त किए गए हैं। कोटपूतली के डेंटिस्ट डॉ. अविनाश शर्मा ने बहरोड़ में गोदाम बना रखा था। छापेमारी के बाद से ही डॉक्टर फरार है। फिलहाल पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। बहरोड़ थानाधिकारी महेश तिवाड़ी ने बताया कि डॉ. अविनाश शर्मा बीडीएस डॉक्टर है, लेकिन वो कोटपूतली में डॉ. अविनाश एलर्जी व चर्म रोग क्लिनिक संचालित करता है।

## तंबाकू की लत छुड़ाने में यह दवाइयां है असरदार

**नई दिल्ली:** डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने तंबाकू छोडने को लेकर कुछ दवाइयों को असरदार बताया है। इस बारे में डब्ल्यूएचओ की ओर से पहली बार गाइडलाइन जारी की गई है। गौरतलब है कि दुनियाभर में 1.25 बिलियन लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। हालांकि, इनमें से करीब 750 मिलयन लोग ऐसे भी हैं जो इस लत को छोडना चाहते हैं, लेकिन सफल नहीं हो पाते हैं। डब्ल्यूएचओ ने तंबाकू छोडने के लिए वेरेनिकलाइन, निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी, बुप्रोपियन और साइटोसिन को काफी असरदार बताया है। वेरेनिकलाइन एक टैबलेट है जिसमें निकोटिन नहीं होता है। इस दवा का इस्तेमाल तंबाकू छोडने के लिए किया जाता है और यह अन्य दवाओं से अलग तरीके से काम करती है। इसके अलावा, साइटोसिन दवा का इस्तेमाल भी एंटी टोबैको दवा के रूप में किया जाता है। अध्ययनों में पता चला है कि इस प्लांट बेस्ट कंपाउंड का इस्तेमाल करने से स्मोकिंग छूटने की संभावना दोगुनी हो जाती है। यूरोप में इसे काफी लंबे समय से इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं, बुप्रोपियन एक एंटीडिप्रेसेंट दवा है। इसे निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी में इस्तेमाल किया जाता है।

## निजी अस्पताल व डॉक्टरों की टीम को 20 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश

**कोयंबटूर:** निजी अस्पताल व डॉक्टरों की टीम को 20 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग कोयंबटूर ने मेट्टुपालयम रोड स्थित कल्पना अस्पताल और पांच डॉक्टरों की टीम को जारी किए। शिकायतकर्ता तांगेडेको साईब्रह्मण के एक सहायक अभियंता को एक माह के भीतर भुगतान करना होगा। उनकी पत्नी राजलक्ष्मी (43) की 2018 के दौरान लापरवाही और सेवा में कमी के कारण मौत हो गई थी।

उपभोक्ता अदालत ने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता को मानसिक पीड़ा और भावनात्मक आघात पहुंचा है। जानकारी अनुसार, राजलक्ष्मी को एक दुर्घटना में ठोड़ी में फ्रैक्चर होने पर सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन प्रक्रिया से पहले रक्त आधान के समय उत्पन्न जटिलताओं के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। शिकायतकर्ता का तर्क था कि रक्त आधान के समय मरीज को अकेला छोड़ दिया गया था। अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी तमिल सेल्वन ने डिस्चार्ज समरी में मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया था। पेरूर पुलिस ने आईपीसी की धारा 304 ए (उतावलेपन या लापरवाही से हुई मौत जो गैर इरादतन हत्या नहीं है) के तहत मामला दर्ज किया था। कोयम्बटूर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद, मौत का कारण आधान-संबंधी तीव्र फेफड़े की चोट (टीआरएएलआई) बताया गया। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम के अध्यक्ष आर. थंगावेल ने अपने आदेश में विपक्षी पक्ष को शिकायतकर्ता को कार्यवाही की लागत के रूप में 5,000 रुपये का भुगतान करने का भी निर्देश दिया।

Pharma News JULY 2024_Layout 2 7/19/2024 3:58 AM Page 16

+ Veterinary GRAMPUS Division +
MANUFACTURER of ECTOPARASITICIDES
Email-id: sales.grampus@gmail.com
Web Site: www.grampuslaboratories.com
1. AMITRAZ -5% & 12.5%
2. AMITRAZ -2% POUR ON
3. FLUMETHRIN -1% POUR-ON
4. CYPERMETHRIN -1%, 10%,12%, 15%
5. CYPERMETHRIN -10% + ETHION 8%
6. CYPERMETHRIN -1%, 10% POWDER
7. DELTAMETHRIN -1.25% , 1.75%, 2.5%
8. PERMETHRIN -2%, 5%, 10%, 11%
9. FIPRONIL -0.25%, 1%, 9.7%
ALL PACKS AVAILABLE IN ALUMINIUM, TIN & PET BOTTLES
6ml, 15ml WALL HANGING TRAY PACKS AVAILABLE
FOR PCD & THIRD PARTY : 099960-19744. 78762-20222.
GRAMPUS LABORATORIES
Mfg. Unit: Johron, Near Industrial Area, Kala Amb.(H.P)

## फर्जी सर्टिफिकेट के सहारे पाई फार्मासिस्ट की नौकरी

**मंडी:** फर्जी सर्टिफिकेट के सहारे फार्मासिस्ट की नौकरी लगने का मामला सामने आया है। इस बारे में मंडी थाने में केस दर्ज किया गया है। केस में मुख्य आरोपी वेटरिनरी फार्मासिस्ट के अलावा हलका पटवारी और तत्कालीन पशुपालन विभाग के निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। जानकारी अनुसार विजिलेंस विभाग को शिकायत मिली थी। इसके बाद विजिलेंस थाना मंडी के इंस्पेक्टर मुनीष कुमार ने मामले की जांच की तो शिकायत सही पाई। पता चला कि आरोपी ने 2017 में वेटरिनरी फार्मासिस्ट की नौकरी पाने के लिए वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन कोटे के तहत आवे. दन किया था। इसके लिए उसने हलका पटवारी से वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन का प्रमाण पत्र हासिल किया। इसे हलका पटवारी ने बिना किसी जांच के जारी कर दिया। जबकि आरोपी के पिता पहले ही एक्स सर्विसमैन कोटे के तहत 2012 में प्लंबर की सरकारी नौकरी पा चुके थे। नियमानुसार एक्स सर्विस मैन कोटे के तहत किसी परिवार में एक ही व्यक्ति सरकारी नौकरी प्राप्त करने का लाभ ले सकता है। हैरानी की बात है कि इस प्रमाणपत्र की जांच नियुक्ति के समय पशुपालन विभाग ने भी नहीं की। एसपी मंडी विजिलेंस कुलभूषण वर्मा ने बताया कि तत्कालीन पशुपालन विभाग के निदेशक भर्ती कमेटी के चेयरमैन भी थे। उनके द्वारा इस प्रमाणपत्र की जांच एसडीएम सरकाघाट और एक्स सर्विस मैन बोर्ड हमीरपुर से करवानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उस समय पशुपालन विभाग के उपनिदेशक हमीरपुर द्वारा भी बिना वेरीफिकेशन के प्राथी को ज्वाइनिंग दे दी गई। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

PCD Pharma Franchise Opportunity
CARDIAC & DIABETIC RANGE
JOIN THE MIKAYLA FAMILY AND CULTIVATE A CARING PARTNERSHIP FOR LIFE
CONTACT DETAILS:
SALES@MIKAYLA.IN
+91 9915501900

## मेडिकल स्टोर पर रेड, अवैध मिलने पर नशीली दवाएं जब्त

**सरदारपुर (मध्य प्रदेश):** सरदारपुर शहर में मेडिकल स्टोर पर छापेमारी का मामला प्रकाश में आया है। जांच के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन संचालन किए जाने पर अस्पताल से भारी मात्रा में नशीली दवाएं जब्त की गई हैं। बताया गया है कि इस मेडिकल स्टोर को एक फर्जी डॉक्टर चला रहा था। यह कार्रवाई उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मेघा पंवार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सरदारपुर तहसील में की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की शिकायत पर टांडा खेड़ा मेहगांव गांव में छापेमारी की। एसडीएम मेघा ने तहसीलदार मुकेश बामनिया और सीबीएमओ शीला मुजाल्दा को अवैध क्लीनिक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम को क्लीनिक पर जांच के दौरान बड़ी मात्रा में दवाइयां और इंजेक्शन मिले।

Geneka गिनिका Group
Our Plants
JINEKA HEALTHCARE PVT. LTD.
JINEKA HEALTHCARE -1
JINEKA HEALTHCARE -2
GENEKA DRUG PVT. LTD.
VEDA GENEKA
GENEKA PHARMACEUTICALS PVT. LTD.-JAMMU
GENEKA FOILS
We are Having Following Facilities :
TABLETS | CREAM/OINTMENT | SOFT-GELATIN CAPSULE | HARD-GELATIN CAPSULE | LIQUID INJECTABLE | LIQUID ORALS | VETERINARY PREPARATION | MEDICATED SOAPS | EXTERNAL PREPARATION | EXTERNAL PREPARATION | ORAL POWDER | DRY INJECTABLE | HORMONAL LIQUID INJECTION | NUTRACEUTICAL PRODUCT | BETA-LACTUM TABLETS | FOOD SUPPLEMENT | AEROSOL SPRAY | HORMONAL TABLETS | CLAVULANIC ALL RANGE | PALLETS
We are now having Soft gelatin Formulation in Drug
CONTACT INFORMATION :
CONTACT PERSON
Mr. SANKET SHARMA
Mobile : +91-8394904000
E-mail : sanket.jineka@gmail.com
M/S JINEKA HEALTH CARE PVT LTD
Plot No.15, Sector 6B IIE Ranipur
SIDCUL, Haridwar, Uttarakhand (INDIA)
Website : www.genekagroup.in
Follow us:

Matteo
Committed for healthier lives
Matteo Formulation Pvt. Ltd.
Contact for 3rd Party Manufacturing, Export & PCD Franchise
GMP & ISO 9001:2015 CERTIFIED
TIMELY DELIVERY
ATTRACTIVE PACKING
100% QUALITY ASSURANCE
SPECIALIZATION IN PSYCHOTROPIC & NEUROLOGY DRUG MANUFATURING
WE HAVE MORE THAN 1000 APPROVALS
TABLETS CAPSULES
ADDRESS- Matteo Formulation Pvt. Ltd. (GMP & ISO 9001:2015 Certified Company) Plot No. 51, Lakeshwari, Bhagwanpur, Roorkee, Distt. Haridwar (UK)-247661
M No. :- 9826075466
Website - www.matteoformulation.com
E-mail - matteoformulation@gmail.com
matteoformulationbd@gmail.com

## कोडीन कफ सिरप का सप्लायर अरेस्ट

**उदयपुर:** कोडीन कफ सिरप की अवैध रूप से सप्लाई करने के आरोप में एक मेडिकल स्टोर संचालक को गिरफ्तार किया गया है। प्रतापनगर थाना पुलिस ने अवैध नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक मेडिकल संचालक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी भरत योगी ने बताया कि बीते माह 29 जून को थाना क्षेत्र के कानपुर इलाके में नाकाबंदी के दौरान एक कार को रोका गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 200 शीशी प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद हुआ। इस सिरप को सप्लाई करने जा रहे आरोपी मोहनलाल डांगी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह जब्त की गई प्रति. बंधित नशीली दवा को नमोनारायण शर्मा नामक व्यक्ति से लाया था। इस पर पुलिस ने आरोपी नमोनारायण (37) पिता ओमप्रकाश शर्मा निवासी झालाना डूंगरी जयपुर हाल पेसिफिक यूनिवर्सिटी गेट वैशाली नगर को भी गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी नमोनारायण शर्मा का पेसिफिक कॉलेज रोड पर मेडिकल स्टोर है। आरोपियों ने छुपी फार्मा कंपनी से कोडीन युक्त सिरप खरीदा था। इसे अधिक पैसों के लालच में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी मोहनलाल डांगी को बेच दिया गया था। जबकि यह प्रतिबंधित दवा है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मो. हनलाल को गिरफ्तार कर लिया. उस समय मेडिकल स्टोर संचालक फरार हो गया था, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया है।

## मेडिकल स्टोर का लाइसेंस किया सस्पेंड

**समस्तीपुर।** औषधि विभाग ने गड़बड़ी मिलने पर एक मेडिकल स्टोर का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है, वहीं दूसरे को नोटिस सौंपा है। सहायक औषधि नियंत्रक नीलिमा कुमारी ने बताया कि औषधि विभाग की टीम द्वारा लगातार दवा दुकानों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में मोहपुर नक्कु स्थान स्थित कृष्णा मेडिकल हॉल पर निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दवा दुकान में गड़बड़ी पाई गई थी। अनियमितता को लेकर मेडिकल स्टोर संचालक से जवाब तलब किया गया था। संतुष्टि न मिलने पर इसके एक सप्ताह के बाद उक्त दवा दुकान का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अरू मामले में वारिसनगर प्रखंड के लवहट्टा परोरिया स्थित सुहानी मेडिकल हॉल में भी अनियमितता मिली थी।

"Excellence In Healthcare Everyday"
DEUS
LABORATORIES PVT. LTD.
Deus Laboratories Pvt. Ltd
A wide range of speciality products in Third Party Manufacturing, PCD Franchises, Generic & OTC including Tablets, Capsules, Liquids, Ointments, Dry Syrups, Lotions & Neutraceutical Products.
Requires:
* Financially sound parties for state wise monopoly rights.
* Sales Promotional Managers state wise.
DEUS LABORATORIES PVT. LTD.
Manufacturing Unit: Khasra No. 26 kA Shiv Ganga Industrial Estate Village. Lakeshwari, Bhagwanpur Roorkee District. Haridwar Uttrakhand 247661
Corporate Office: 2nd Floor SLV Tower Kanwali Road, Near Balliwala Chowk Dehradun Uttrakhand 248001
Contact Details:
Head Office: 7773006620
Sales: 8006077773
Production:8006077772
Designing: 7060028254
Customer Care: +91 135 314 4200
Mail: deuslaboratories@gmail.com

## दवा फैक्ट्री पर मारा छापा, प्रतिबंधित 3.12 लाख कैप्सूल जब्त, चार गिरफ्तार

**बरनाला (पंजाब)।** दवा फैक्ट्री में बिना लाइसेंस के प्रतिबंधित दवाइयां बनाने पर छापेमारी की गई है। यह फैक्ट्री अवैध बताई गई है। टीम ने मौके से बरामद किए कैप्सूल के सात तरह के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। इसके साथ ही फैक्ट्री मालिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। एसटीएफ पंजाब और बरनाला पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर एक अवैध रूप से चल रही दवा फैक्टरी पर रेड की। डीएसपी सतवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके से प्रतिबंधित 3.12 लाख कैप्सूल जब्त किए हैं। इनका इस्तेमाल नशे के रूप में किया जाता है। आरोपी फैक्टरी मालिक समेत कुल चार लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। सूचना मिली थी कि बरनाला के नाइवाला रोड पर अलजान फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड नामक फैक्टरी में प्रतिबंधित कैप्सूल का निर्माण किया जाता है। इसके पास कैप्सूल बनाने का लाइसेंस नहीं है। कई और दवाएं भी यहां बिना मंजूरी के तैयार की जा रही हैं। सूचना के तहत बरनाला पुलिस ने एसटीएफ टीम के साथ मिलकर और ड्रग ऑफिसर बरनाला को साथ लेकर फैक्टरी पर छापा मारा। रेड के दौरान 95 हजार प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। इन कैप्सूलों के संबंध में उनके पास कोई रिकॉर्ड या मंजूरी नहीं मिली। इसके अलावा इसी प्रकार के अन्य 2.17 लाख अन्य कैप्सूल भी बरामद किए गए हैं। इनकी कीमत लगभग 1.16 करोड़ रुपये है।

Lezaa Health Care
FACE AMOUR COSMO
Lezaa Ayurveda
KareMed A DIVISION OF LEZAA BIOTECH
More then 500+ Products Range
Lezaa Biotech®
AYURVEDIC & HERBAL FORMULATION
OWN MANUFACTURING UNIT CERTIFIED WITH GMP, ISO (9001-2015)
With the Wide Range of :
Tablets | Capsules | Liquids | Dry Syrup | Face Wash | Drops | Lotions | Gels | Ointments | Shampoos | Protein Powders | Ayurveda Products | Neutraceuticals
QUALITY MANUFACTURING OF AYURVEDA & HERBAL PRODUCT
LEZAA GROUP OF COMPANIES (An ISO 9001:2015 Certified Co.)
Ware House : Plot no. 165, Food Park, Phase 1,Sector 2, HSIIDC, Saha, Ambala-133104(HR)
Head Office: Plot No. 397-398 Jaggi Garden, Ambala City, Hariyana-134007
Manufacturing Unit : Khasra No. 21/1/2, Binjhol Road, Near Gas Godwon Panipat Hry-132103
E-mail: lezaaayurveda@gmail.com, lezaabiotech@gmail.com
Website: www.lezaaayurveda.com / www.lezaabiotech.com / www.karemed.in
CONTACT US : +91 7027104999, +91 8059280999

ब्रजेश कुमार गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा हरिहर प्रैस के लिए इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एण्ड पैकिंग लिमिटेड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं बी.एन.मैडीकल कॉम्प्लैक्स, बुलन्दशहर से प्रकाशित सम्पादक- ब्रजेश कुमार गर्ग.